राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

# फरीदाबाद की आवाज़

Email : faridabadkiawaz@gmail.com

RNI No. -DELHIN/2017/76338

वर्ष : 07 अंक : 09 दिल्ली से प्रकाशित सोमवार 29-जनवरी-4 फरवरी 2024 Website : faridabadkiawaz.com मूल्य : 5/- रु. पृष्ठ : 8

देश की आवाज़



## भारत में अपनी मेहमाननवाजी से हुए खुश इमैनुएल मैक्रों, भारतवासियों को धन्यवाद सहित दिया फ्रांस आने का न्योता



**नेशनल डेस्क.** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों का भारत आने पर शानदार स्वागत किया गया था। इससे खुश होकर उन्होंने भारतवासियों को धन्यवाद दिया। मैक्रों ने भारतीयों को फ्रांस आने का न्योता भी दिया। फ्रांस में इस साल कई बड़े आयोजन होने हैं, जिसके लिए इमैनुएल मैक्रों ने भारतीयों को फ्रांस आने की बात कही।

शनिवार को सोशल मीडिया पर साझा किए एक पोस्ट में फ्रांस के राष्ट्रपति ने लिखा कि %फ्रांस इस साल पूरी दुनिया का स्वागत करेगा। इस साल द्वितीय विश्व युद्ध की सालगिरह मनाई जाएगी, ओलंपिक और पैरालिंपिक खेलों का आयोजन भी पेरिस में होगा। इनके साथ फ्रैंकोफोनी सम्मेलन भी होगा। हमारे दोस्तों, आप सभी का स्वागत है।'

बता दें शुक्रवार शाम में फ्रांस के राष्ट्रपति, भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ दिल्ली की मशहूर निजामुद्दीन औलिया की दरगाह भी गए। इमैनुएल मैक्रों दरगाह में करीब आधा घंटा रुके। इस दौरान उन्होंने दरगाह पर चादर चढाई और कव्वाली का भी आनंद लिया, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है।

जानकारी के लिए बता दें इमैनुएल मैक्रों 25 जनवरी को दो दिवसीय दौरे पर भारत पहुंचे थे। वह गुरुवार दोपहर में जयपुर पहुंचे। इसके बाद शाम में मैक्रों और पीएम मोदी ने जयपुर में रोड शो किया। जयपुर में दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई। शुक्रवार शाम में दोनों नेताओं के बीच हुई मुलाकात को लेकर संयुक्त बयान जारी किया गया, जिसमें दोनों नेताओं ने लाल सागर में नेविगेशन की आजादी और अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन करने पर जोर दिया।

# नीतीश कुमार बिहार में सियासी उठा-पटक के बीच अश्विनी चौबे के संग आए नजर

**बिहार के मुख्यमंत्री एवं जनता दल के अध्यक्ष नीतीश कुमार के अपना रुख एक बार फिर बदल कर भाजपा के नेतृत्व वाले राजग में वापसी के संकेतों के बीच सत्तारूढ़ महागठबंधन में अनिश्चितता के बादल छाये हुए प्रतीत हो रहे हैं. भाजपा का कहना है कि नीतीश के लिए एनडीए के दरवाजे खुले हैं.**



**बक्सर.** बिहार की राजनीति में बड़े फेरबदल के संकेत मिल रहे हैं. जनता दल युनाइटेड (जद-यू) के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में वापसी की अटकलों के बीच बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे के साथ देखा गया. नीतीश कुमार बक्सर के ब्रह्मपुर में दूसरे चरण के विकास कार्यों का शिलान्यास करने श्री बाबा ब्रह्मेश्वरनाथ धाम पहुंचे थे. यह अश्विनी चौबे के साथ नीतीश कुमार की नजदीकियां काफी कुछ बयां कर गई. अश्विनी चौबे ने खुलकर तो कुछ नहीं कहा, लेकिन इशारा कर दिया कि एनडीए में नीतीश कुमार की एंट्री होने जा रही है. सीएम नीतीश कुमार के साथ ब्रह्मेश्वरनाथ धाम का उद्घाटन करने के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने कहा, भगवान की जो इच्छा होगी, वही होगा... पहली बार मैं ही उन्हें (नीतीश कुमार) को यहां लाया था और आज भी मैं उसे ले आया हूं. इधर, बिहार के मौजूदा राजनीतिक हालात पर बीजेपी के मुख्य सचेतक बिहार विधान परिषद डॉ. दिलीप जयसवाल ने भी इशारों ही इशारों में बहुत कुछ कह दिया, ÷देखिए, राजनीति में कुछ भी संभव है. 2024 में पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को एक मजबूत सरकार मिले, यह सुनिश्चित करने के लिए हम किसी भी फॉर्मूले या कारक पर विचार कर सकते हैं... अगर नीतीश जी को लगता है कि महागठबंधन नहीं, बल्कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश को नई सरकार मिलनी चाहिए, तो ऐसे लोगों के लिए चुनाव के एक दिन पहले तक भी बीजेपी के दरवाजे खुले हैं... कोई ललन सिंह या अशोक चौधरी फैक्टर नहीं है...

बिहार के राजनीतिक हालात पर दिल्ली में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान कहते हैं, कुछ समय में सब कुछ पता चल जाएगा.

## यूपी में कांग्रेस को 11 सीटें देगी समाजवादी पार्टी, अखिलेश यादव ने ट्वीट कर दी जानकारी

**समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखा कि कांग्रेस के साथ 11 मज़बूत सीटों से हमारे सौहार्दपूर्ण गठबंधन की अच्छी शुरुआत हो रही है.**

**नई दिल्ली.** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर INDIA गठबंधन में सुगबुगाहट तेज हो गई है. तमाम पार्टियां किस सीट से अपने किस उम्मीदवार को उतारेगी इसे लेकर भी मंथन शुरू हो गया है. इन सब के बीच उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कांग्रेस के साथ सीट शेयरिंग को लेकर अब सबकुछ तय हो गया है. अखिलेश यादव ने इसका ऐलान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करके दिया है.



कांग्रेस के साथ 11 मज़बूत सीटों से हमारे सौहार्दपूर्ण गठबंधन की अच्छी शुरुआत हो रही हैज ये सिलसिला जीत के समीकरण के साथ और भी आगे बढ़ेगा।

'इंडिया' की टीम और 'पीडीए' की रणनीति इतिहास बदल देगी।

उन्होंने एक्स पर लिखा कि कांग्रेस के साथ 11 मज़बूत सीटों से हमारे सौहार्दपूर्ण गठबंधन की अच्छी शुरुआत हो रही है. ये सिलसिला जीत के समीकरण के साथ और भी आगे बढ़ेगा. 'इंडिया' की टीम और 'पीडीए' की रणनीति इतिहास बदल देगी.

## सम्पादकीय

# 'राम' पर आम

बार-बार आंखें भीग जाती हैं। मन सुबकने लगता है। चेहरा दीवार की ओर करना पड़ता है, ताकि आंसू सार्वजनिक न हो जाएं। आज तीनों लोक आनंदित होंगे, चराचर में उत्साह और उल्लास होगा, असीम आसमान तक हरेक मंजर आह्लादित होगा। सनातन के 'प्राण' श्रीराम का प्राण-प्रतिष्ठा समारोह हुआ है, तो भावुक होना स्वाभाविक है। भीतर आत्मा से सवाल उभरते हैं कि भारत के 'प्राण' की प्राण-प्रतिष्ठा की नौबत ही क्यों आई? इस सवाल के साथ पुरानी स्मृतियां भी ताजा हो गई हैं, जब एक-एक 'रामशिला' के साथ सवा रुपया भी देने का संकल्प निभाया जा रहा था। विहिप के मुताबिक, ऐसा करीब 68 करोड़ भारतीयों ने किया था। हम सौभाग्यशाली हैं कि शिला और पनपते आंदोलन के भी साक्षी बने और अब कमोबेश टीवी चैनल के जरिए प्राण-प्रतिष्ठा का अलौकिक-सा दौर भी देख रहे हैं। सवाल ये भी मौजू लगते हैं कि प्रधानमंत्री के तौर पर वीपी सिंह ने 'राम मंदिर' के लिए जगह देने का वायदा किया था और तत्कालीन प्रधानमंत्री पीवी नरसिंह राव ने कथित बाबरी मस्जिद के पुनर्निर्माण का ऐलान किया था। यह दीगर है कि राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक हालात के दबावों के कारण कोई भी प्रधानमंत्री मस्जिद को दोबारा खड़ा नहीं कर सका। हमने राम मंदिर आंदोलन के स्वत-स्फूर्त उभार और उफान को भी देखा है। उस दौर में कितने किशोर, युवा और उम्रदराज भारतीय मारे गए, उसका रिकॉर्ड भारत और उप्र सरकारों के किसी भी मंत्रालय में दर्ज नहीं किया गया। क्या इसे राजनीतिक निर्णय नहीं मानेंगे? राम मंदिर के जरिए सांस्कृतिक पुनरोत्थान का पूरा आंदोलन भाजपा, विहिप और आरएसएस ने चलाया था। उन्हें 'संघ परिवार' भी कह सकते हैं। दिसंबर, 1992 में विवादित ढांचा ध्वस्त किए जाने के बाद तत्कालीन राव सरकार ने भाजपा की उप्र, मध्यप्रदेश, राजस्थान और हिमाचल की राज्य सरकारों को बर्खास्त कर दिया था। वह निर्णय भी विशुद्ध रूप से राजनीतिक था। 'कारसेवक' उप्र तक ही सीमित थे, हालांकि देश के विभिन्न इलाकों से 'रामसेवक' और 'रामभक्त' अयोध्या की तरफ बढ़ रहे थे। सरकारें बर्खास्त करने के बावजूद जन-सैलाब नहीं थमा था। उन्हें मुलायम सिंह यादव की सरकार ने गोलियों से भुनवा दिया। 'राम भक्तों' की लाशें भी उनके परिजनों को नहीं सौंपी गई। न जाने उनके अंतिम संस्कार कैसे किए गए? बहरहाल अब श्रीराम के भव्य, नव्य और महलनुमा मंदिर में जो 'प्राण-प्रतिष्ठा' की गई है, वह आध्यात्मिक और सांस्कृतिक है। वह भारतीय है, क्योंकि हम प्रभु राम को ही विधि, विधान और अध्यात्मक का संविधान मानते रहे हैं। अलबत्ता राम मंदिर का प्रदाय राजनीतिक भी जरूर होगा। वह राम मंदिर के मौजूदा आयोजनों और 'राममय' देश के शुरुआती मूड से स्पष्ट होता है। बेशक संघ परिवार की आस्था और अस्मिता श्रीराम में निहित रही है,



दिनेश शर्मा

## पिछले एक साल में सब्जियों की कीमत 60 प्रतिशत तक बढ़ी, कांग्रेस ने महंगाई को लेकर केंद्र सरकार को घेरा

**कांग्रेस ने महंगाई के मुद्दे को लेकर शनिवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि देश की जनता महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक मंदी को लेकर चिंतित है लेकिन सरकार ध्यान भटकने में लगी हुई है।**



**नेशनल डेस्क.** कांग्रेस ने महंगाई के मुद्दे को लेकर शनिवार को केंद्र सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि देश की जनता महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक मंदी को लेकर चिंतित है लेकिन सरकार ध्यान भटकने में लगी हुई है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स पर पोस्ट किया, ''महंगाई और बेरोजगारी डायन खाए जात है। 'अहंकाराचार्य के महंगाई काल में हर तीन में से एक भारतीय को इस साल नौकरी खोने की चिंता सता रही है, वहीं 57 प्रतिशत महंगाई से चिंतित हैं। उन्होंने एक खबर का हवाला देते हुए कहा कि पिछले एक साल में सब्जियों की कीमत 15 से 60 प्रतिशत तक बढ़ी है। रमेश ने आरोप लगाया, ''भारत में हर दूसरा व्यक्ति अन्याय काल में पीड़ित है और महंगाई, आर्थिक मंदी, बेरोज़गारी तथा लड़ाई झगड़े बढ़ने से चिंतित है, पर मोदी सरकार अपने चित परिचित अंदाज़ में देश का ध्यान भटकाने में लगी है। उन्होंने कहा, ''कांग्रेस जनता को न्याय दिलाने के लिए अपना संघर्ष जारी रखेगी। कल दोपहर से न्याय यात्रा जलपाइगुड़ी से शुरू होगी। अब होगा न्याय।

## अमेठी का पता नहीं, पर वायनाड सीट से राहुल गांधी का लोकसभा चुनाव लड़ना तय

**नई दिल्ली.** आगामी लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सीट को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। वर्तमान में राहुल गांधी केरल की वायनाड सीट से कांग्रेस के लोकसभा सांसद हैं। उनका अगला चुनाव भी इसी सीट से लड़ना तय है। एक कांग्रेस नेता ने इसकी पुष्टी कर दी है। हालांकि उनकी पूर्व सीट अमेठी को लेकर अभी कुछ पता नहीं है। कांग्रेस सांसद के. मुरलीधरन ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी आगामी लोकसभा चुनाव वायनाड निर्वाचन क्षेत्र से लड़ेंगे। मुरलीधरन ने कहा कि कन्नूर को छोड़कर केरल के सभी मौजूदा सांसदों की अपने वर्तमान निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव लड़ने की उम्मीद है।

इससे पहले राहुल गांधी 2004 से लेकर 2014 तक, लगातार तीन बार उत्तर प्रदेश के राय बरेली जिले की अमेठी सीट से लोकसभा सांसद रहे थे। लेकिन 2019 के चुनावों में वे सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) उम्मीदवार स्मृति ईरानी से हार गए। राहुल गांधी ने 2019 में अमेठी और वायनाड, दोनों जगह से चुनाव लड़ा था। वायनाड से उन्हें जीत मिली थी।



कांग्रेस सांसद के. मुरलीधरन यहां संवाददाताओं से कहा, "मेरा मानना है कि अब तक यही व्यवस्था है। राहुल गांधी वायनाड से चुनाव लड़ेंगे और इसमें कोई बदलाव नहीं है।" मुरलीधरन ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में चल रहे मुद्दों को खास तवज्जो नहीं दी। उन्होंने कहा, विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में कोई समस्या नहीं है। जब वे केंद्र में आएंगे तो सभी भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ एकजुट होंगे।

**अमेठी से भी लड़ेंगे राहुल गांधी?**

पिछले साल नवंबर में यूपी कांग्रेस प्रमुख ने घोषणा की थी कि राहुल गांधी अमेठी से लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने कहा था कि राहुल गांधी 2024 का लोकसभा चुनाव अमेठी निर्वाचन क्षेत्र से लड़ेंगे। राय ने मुंबई में एक संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा, वे पीढ़ियों से अमेठी के लोगों के लिए काम कर रहे हैं।

राहुल जी निश्चित रूप से अमेठी से चुनाव लड़ेंगे। हालांकि, बाद में टाइम्स ऑफ इंडिया से बात करते हुए अजय राय ने स्पष्ट किया कि उनके कहने का मतलब यह था कि अमेठी के लोग चाहते हैं कि राहुल वहां से चुनाव लड़ें।

## आसानी से नहीं होने देंगे तख्तापलट, क्यों बोले तेजस्वी; राजद खेमे में क्या चल रही तैयारी?

**दावा किया जा रहा है कि राजद किसी दलित चेहरे को मुख्यमंत्री पद के लिए आगे कर सकता है और राजद-कांग्रेस व वाम दलों के विधायकों की परेड गवर्नर के सामने करा सकता है।**

**नई दिल्ली.** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के पलटी मारने की चल रही सियासी अटकलों के बीच उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की तरफ से एक बयान आने का दावा किया जा रहा है, जिसमें कहा गया है कि राज्य में आसानी से तख्तापलट होने नहीं दिया जाएगा। विभिन्न मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि महागठबंधन सरकार गिरने की स्थिति में राजद आसानी से एनडीए सरकार की ताजपोशी होने नहीं देगी। इसके लिए राजद खेमा तैयारियों में जुटा है।सूत्रों के मुताबिक, दावा किया जा रहा है कि राजद किसी दलित चेहरे को मुख्यमंत्री पद के लिए आगे कर सकता है और राजद-कांग्रेस एवं वाम दलों के विधायकों की परेड गवर्नर के सामने करा सकता है। बहरहाल, राजद ने अपने सभी विधायकों की एक बैठक 5 सर्कुलर रोड स्थित तेजस्वी यादव के सरकारी आवास पर दोपहर एक बजे बुलाई है। कहा जा रहा है कि राजद सुप्रीमो लालू यादव ने कल नीतीश कुमार को पांच बार फोन किया लेकिन नीतीश ने उनका फोन नहीं उठाया, इससे लालू यादव नीतीश से नाराज हो गए हैं। शिवानंद तिवारी के बारे में भी कहा जा रहा है कि उन्होंने भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात का वक्त मांगा लेकिन उन्हें भी निराशा हाथ लगी है। इससे शिवानंदज तिवारी भी नीतीश कुमार से खफा हो गए हैं। अटकलें लगाई जा रही हैं कि नीतीश कुमार बिहार विधानसभा भंग करने की भी सिफारिश कर सकते हैंष हालांकि, चर्चा यह भी है कि वह 2025 के विधानसभा चुनाव तक मुख्यमंत्री बने रह सकते हैं।



## ईडी ने 29 या 31 जनवरी को पूछताछ के लिए बुलाया, हेमंत सोरेन बोले- मार्च तक टाइम नहीं

**बीते 20 जनवरी को ईडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके आवास पर जाकर 7 घंटे तक पूछताछ की थी। ईडी के अधिकारियों ने सीएम आवास में एक अलग कमरे में हेमंत सोरेन से मामले में पूछताछ की थी।**

**नई दिल्ली.** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मुश्किलें मनी-लॉन्ड्रिंग मामले में बढ़ती जा रही हैं। प्रवर्तन निदेशालय (श्वष्ठ) ने शनिवार को उन्हें फिर से पत्र भेजा और जिसमें कहा गया कि भूमि घोटाले को लेकर पूछताछ के लिए 29 या 31 जनवरी की तारीख दें। इसमें कहा गया कि अगर तारीख नहीं दी गई तो एजेंसी खुद उनसे पूछताछ के लिए पहुंच जाएगी। रिपोर्ट के मुताबिक, सोरेन ने इसके जवाब में कहा कि मार्च तक उनके पास टाइम नहीं है, इसलिए वह 29 या 31 जनवरी को पूछताछ के लिए मौजूद नहीं रहेंगे।

इससे पहले भी ईडी ने सीएम सोरेन को चिट्ठी भेजी थी जिसका उन्होंने जवाब भी दिया था। सीएमओ का कर्मी पत्र लेकर ईडी ऑफिस पहुंचा था। मौके पर पत्रकारों ने सीएमओ कर्मी से पत्र के बारे में पूछा तो कर्मी ने कुछ भी बताने से इनकार कर दिया था।



जमीन घोटाला मामले में ईडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बीते 22 जनवरी को समन भेजा था। ईडी ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर 27 जनवरी से 31 जनवरी के बीच पूछताछ के लिए जगह बताने को कहा था। बीते 20 जनवरी को ईडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके आवास पर जाकर 7 घंटे तक पूछताछ की थी। ईडी के अधिकारियों ने सीएम आवास में एक अलग कमरे में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मामले में पूछताछ की थी।

ईडी के अनुसार, यह जांच झारखंड में माफिया की ओर से भूमि स्वामित्व में अवैध परिवर्तन के बड़े गिरोह से जुड़ी है। मामले में अब तक 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 2011 बैच के अधिकारी छवि रंजन भी शामिल हैं, जो राज्य के समाज कल्याण विभाग के निदेशक और रांची के उपायुक्त के रूप में कार्यरत थे।

ईडी की पूछताछ के बाद सोरेन ने आरोप लगाया कि उनके खिलाफ साजिश रची गई है। उन्होंने आवास के बाहर खड़े अपने समर्थकों की भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि वह डरे नहीं हैं और गोलियों का सामना सबसे पहले वह करेंगे। सोरेन ने अपने समर्थकों से कहा, %मेरे खिलाफ साजिश रची गई है, लेकिन षड्यंत्रकारियों के ताबूत में आखिरी कील हम ठोकेंगे। हम डरेंगे नहीं, गोलियों का सामना आपका नेता सबसे पहले करेगा और आप अपना मनोबल ऊंचा रखें। मैं आपके अटूट समर्थन के लिए हार्दिक धन्यवाद देता हूं। हेमंत सोरेन पार्टी के हर कार्यकर्ता के साथ खड़ा रहेगा। सोरेन ने कहा कि वह गाजर या मूली की तरह नहीं हैं, जिसे आसानी से उखाड़ा जा सके। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से घर-घर जाने और षड्यंत्रकारियों को लोगों के सामने बेनकाब करने को कहा।

# रेडियो पूरे देश को जोड़ने का सशक्त माध्यमः मोदी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सोशल मीडिया और इन्टरनेट के इस दौर में भी रेडियो पूरे देश को जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है।श्री मोदी ने अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात में रविवार को कहा, ÷मन की बात के जरिये हमारा और आपका जो रिश्ता बना है, वो एक दशक पुराना हो चुका है। सोशल मीडिया और इन्टरनेट के इस दौर में भी रेडियो पूरे देश को जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। रेडियो की ताकत कितना बदलाव ला सकती है, इसकी एक अनूठी मिसाल छत्तीसगढ़ में देखने को मिल रही है। बीते करीब सात वर्षों से यहाँ रेडियो पर एक लोकप्रिय कार्यक्रम का प्रसारण हो रहा है, जिसका नाम है 'हमर हाथी - हमर गोठ'। नाम सुनकर आपको लग सकता है कि रेडियो और हाथी का भला क्या संबंध हो सकता है। लेकिन यही तो रेडियो की खूबी है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में आकाशवाणी के चार केन्द्रों अंबिकापुर, रायपुर, बिलासपुर और रायगढ़ से हर शाम इस कार्यक्रम का प्रसारण होता है और आपको जानकर हैरानी होगी कि छत्तीसगढ़ के जंगल और उसके आसपास के इलाके में रहने वाले बड़े ध्यान से इस कार्यक्रम को सुनते हैं। 'हमर हाथी - हमर गोठ' कार्यक्रम में बताया जाता है कि हाथियों का झुण्ड जंगल के किस इलाके से गुजर रहा है। ये जानकारी यहाँ के लोगों के बहुत काम आती है। लोगों को जैसे ही रेडियो से हाथियों के झुण्ड के आने की जानकारी मिलती है, वो सावधान हो जाते हैं। जिन रास्तों से हाथी गुजरते हैं, उधर जाने का ख़तरा टल जाता है।



उन्होंने कहा कि इससे जहाँ एक ओर हाथियों के झुण्ड से नुकसान की आशंका कम हो रही है, वहीं हाथियों के बारे में डाटा जुटाने में मदद मिलती है। इस डाटा के उपयोग से भविष्य में हाथियों के संरक्षण में भी मदद मिलेगी। यहाँ हाथियों से जुड़ी जानकारी सोशल के जरिए भी लोगों तक पहुंचाई जा रही है। इससे जंगल के आसपास रहने वाले लोगों को हाथियों के साथ तालमेल बिठाना आसान हो गया है। छत्तीसगढ़ की इस अनूठी पहल और इसके अनुभवों का लाभ देश के दूसरे वन क्षेत्रों में रहने वाले लोग भी उठा सकते हैं।

# गिरगिटों को टक्कर देने वालों को माफ नहीं करेगी बिहार की जनताः कांग्रेस

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने जनता दल (यू) के नेता एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का नाम लिए बिना उन पर तीखा हमला करते हुए रविवार को कहा कि रंग बदलने में गिरगिटों को टक्कर देने और विश्वासघात करने वालों को पूरा देश देख रहा है और बिहार की जनता उन्हें माफ नहीं करेगी।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा, देश में आया राम-गया राम जैसे कई लोग हैं। पहले वो और हम मिलकर लड़ रहे थे। जब मैंने लालू जी और तेजश्वी जी से बात की तो उन्होंने भी कहा कि नीतीश जा रहे हैं। अगर वह रुकना चाहता तो रुक जाता लेकिन वह जाना चाहता है। इसलिए ये बात हमें पहले से ही पता थी लेकिन इंडिया गठबंधन को बरकरार रखने के लिए हमने कुछ नहीं कहा। अगर हम कुछ गलत कहेंगे तो गलत संदेश जाएगा। इसकी जानकारी हमें लालू प्रसाद यादव जी और तेजश्वी यादव जी ने पहले ही दे दी थी। आज वह सच हो गया।



इस बीच कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि नीतीश कुमार पाला बदल रहे हैं इसकी जानकारी कांग्रेस नेताओं को थी। उन्होंने कहा कि पाला बदलते ही कैसे एकदम पलटा जाता है यह श्री नीतीश कुमार और जदयू प्रवक्ता के.सी. त्यागी बखूबी जानते हैं। उन्होंने कहा कि जनता सब देख रही है और धोखेबाजों को सबक सिखाएगी।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा, ÷बार-बार राजनीतिक साझेदार बदलने वाले नीतीश कुमार रंग बदलने में गिरगिटों को कड़ी टक्कर दे रहे हैं। इस विश्वासघात के विशेषज्ञ और उन्हें इशारों पर नचाने वालों को बिहार की जनता माफ़ नहीं करेगी। बिलकुल साफ़ है कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा से प्रधानमंत्री और भाजपा घबराए हुए हैं और उससे ध्यान हटाने के लिए यह राजनीतिक ड्रामा रचा गया है।

# सबकी समस्या का निस्तारण सरकार की प्राथमिकता-योगी

**गोरखपु।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कड़ाके की ठंड के बावजूद रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में 250 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और सभी को आश्वस्त किया सबकी समस्या का निस्तारण करना उनकी सरकार की प्राथमिकता है।

योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में आयोजित जनता दर्शन में वहां जुटे सभी लोगों से एक.एक कर मुलाकात कर उनकी बातें सुनीं और उनके प्रार्थना पत्र लिए तथा कहा कि किसी के साथ अन्याय नहीं होने पाएगा। उन्होंने लोगों की समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र लेकर उसे अधिकारियों की इस निर्देश के साथ हस्तगत किया कि समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण सुनिश्चित करें।

उन्होंने आत्मीयता से सभी को समस्या निस्तारण का भरोसा देते हुए कहा कि किसी की चिंता करने या परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। सबकी समस्या पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाएगी। उन्होंने पुलिस व राजस्व से जुड़े मामलों में कार्रवाई करने में अनावश्यक विलंब न होने की हिदायत दी तो जमीन कब्जा करने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए दबंग और भू माफिया पर नकेल कसने के निर्देश दिए।

पुलिस से जुड़े कुछ मामलों पर मुख्यमंत्री ने कहा प्राथमिकी दर्ज करने और उसके बाद विधिक कार्यवाही में कोताही नहीं होनी चाहिए।

जनता दर्शन में कुछ लोग गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कर शासन को भेजें। इलाज के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि धन के अभाव में किसी का इलाज बाधित नहीं होगा।

इस दौरान कुछ लोगों के साथ आए उनके बच्चों को मुख्यमंत्री ने प्यार, दुलारकर आशीर्वाद दिया और उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए चॉकलेट गिफ्ट किया।

## भजनलाल और मोहन यादव की मुलाकात



**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डा मोहन यादव की रविवार दोपहर को यहां मुलाकात हुई।

श्री शर्मा और डा यादव की यह मुलाकात मुख्यमंत्री निवास (ओटीएस) में हुई। इससे पहले श्री यादव के मुख्यमंत्री निवास पहुंचने पर श्री शर्मा ने उन्हें पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया।

इस दौरान वहां मौजूद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता एवं पदाधिकारियों ने भी उन्हें पुष्प भेंटकर उनका स्वागत किया। इस दौरान श्री यादव ने हाथ जोड़कर उनका अभिवादन स्वीकार किया।

श्री शर्मा और यादव की यह मुलाकात बहुत महत्वपूर्ण मानी जा रही है और माना जा रहा है कि इस दौरान दोनों मुख्यमंत्रियों के बीच पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना (ईआरसीपी) को लेकर चर्चा हुई।

उल्लेखनीय है कि राजस्थान में तेरह जिलों में पेयजल एवं सिंचाई के लिए ईआरसीपी को लाया गया लेकिन जल बंटवारे के मुद्दे को लेकर अब तक राजस्थान और मध्यप्रदेश के बीच कोई सहमति नहीं बन पाई थी मगर अब केन्द्र में भाजपा की सरकार के साथ मध्यप्रदेश और राजस्थान में भी भाजपा सरकार होने से त्रिपल इंजन की सरकार से इस मुद्दे के समाधान की संभावना बन गई है । दोनों राज्यों में भाजपा की सरकार बनने के बाद हाल में इस मुद्दे पर दिल्ली में भी चर्चा हो चुकी है।

# Sonipat: युवकों के 2 गुटों में आपसी विवाद पर चली गोलियां, दो गंभीर रूप से घायल



**सोनीपत (सन्नी)** . सोनीपत जिले के कामी रोड स्थित सैनीपुरा में युवकों के दो गुटों में आपसी विवाद हो गया। इस विवाद में एक गुट ने दूसरे गुट के युवकों पर गोलियां चला दी। इसमें दो लोग घायल हो गए। दोनों घायलों को इलाज के लिए नागरिक अस्पताल ले जाया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। फायरिंग की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है।

मिली जानकारी के अनुसार सोनीपत के रहने वाले दीपक और नीरज की दीपांशु नाम के युवक के साथ काफी लंबे समय आपसी रंजिश चली आ रही थी, लेकिन जब दीपक और नीरज आपने साथियों के साथ कामी रोड स्थित सैनीपुरा में मौजूद थे। तभी दीपांशु नाम का युवक आपने साथियों के साथ वहां पहुंचा और आते ही फायरिंग कर दी, जिसमें एक गोली दीपक को लगी तो नीरज को पिस्तौल के बट से घायल कर दिया। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है।

**हरियाणा में 6 हजार पुलिस कांस्टेबल भर्ती का रास्ता साफ हो गया है। इसमें 5 हजार पुरुष और 1000 महिला कांस्टेबलों की भर्ती की जानी है। सरकार ने इसकी मंजूरी दे दी है।**

# बदलाव के लिए युवाओं को राजनीति में आना होगा– अंकित अल्घ

**गुड़गांव.** गुड़गांव की हालत नेताओं ने दयनीय कर दी है। लोगों को मूलभूत सुविधाएं भी नहीं मिल पा रही हैं। अब जनता को नेताओं की नहीं बल्कि जन सेवकों की जरूरत है। यही कारण है कि युवाओं को देश की राजनीति में आना होगा और पार्लियामेंट में पहुंचकर देश के विकास के लिए आवाज उठानी होगी। यह बात जन सेवक क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंकित अल्घ ने कही।

वे राम लला प्राण प्रतिष्ठा होने के अवसर पर आयोजित राम-श्याम उत्सव कार्यक्रम का आयोजन कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि आज बहुत ही पावन दिन है। आज के दिन ही हमारा गणतंत्र लागू हुआ था और इस अवसर को दोगुना करने के लिए ही आज राम-श्याम उत्सव का आयोजन किया गया है। उन्होंने इस दौरान कहा कि आज नेताओं ने गुड़गांव की दुर्दशा कर दी है। तीन साल पहले उन्होंने जन सेवक क्रांति पार्टी का गठन कर बदलाव की अलख जगाई थी जोकि अब लोगों के बीच पहुंच चुकी है और हर कोई बदलाव के लिए उनके साथ आने लगा है। कार्यक्रम में लोगों ने अंकित अल्घ को अपना विधायक पद का उम्मीदवार भी घोषित किया है। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विक्रांत मक्कड़ ने कहा कि वह वह नमन करते हैं उन कोठारी ब्रदर्स को जिन्होंने सनातन को जिंदा रखने के लिए अपने सीने पर गोली खाई थी। आज उन्हीं की बदोलत ही राम लला अपने स्थान पर वापस पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि यह एक सर्व समाज का कार्यक्रम



था जिसमें हर वर्ग के व्यक्ति ने भाग लिया है। उनकी पार्टी द्वारा आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में उमड़ी लोगों की भीड़ ने साफ कर दिया है कि आने वाले समय में वह जन सेवक क्रांति पार्टी के साथ हैं और बदलाव की इस मुहिम में पार्टी के कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं।

पार्टी द्वारा आयोजित राम-श्याम उत्सव में लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था। यहां देश के अलग-अलग कौने से आए गायकों ने भी श्रीराम व श्याम भक्ति में सभी को सराबोर कर दिया।

लोगों में सबसे ज्यादा उत्साह यदुवंशी ब्रदर्स के प्रति देखने को मिला। कार्यक्रम में मौजूद लोगों के लिए भंडारे की भी व्यवस्था पार्टी की तरफ से की गई थी।

# बड़ा हादसा : जींद में तालाब खोदाई के दौरान मिट्टी के नीचे दबी 7 महिला मजदूर, अस्पताल में भर्ती

**जींद जिले के गांव ईगराह में बड़ा हादसा हो गया जहां तालाब की खोदाई के दौरान सात मजदूर महिलाएं मिट्टी के नीचे दब गई। पास ही काम कर रहे लोगों ने उन्हें मिट्टी में से बाहर निकाला और जींद के सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया।**



जींद . जींद जिले के गांव ईगराह में बड़ा हादसा हो गया जहां तालाब की खोदाई के दौरान सात मजदूर महिलाएं मिट्टी के नीचे दब गई। पास ही काम कर रहे लोगों ने उन्हें मिट्टी में से बाहर निकाला और जींद के सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया।

बताया जा रहा है कि गांव ईगराह में तालाब की खोदाई का काम चल रहा है। आज सुबह महिला मजदूर काम करने के बाद मिट्टी के ढेर के पास आराम कर रही थी। तभी मिट्टी का ढेर खिसक गया और इन महिला मजदूरों के ऊपर मिट्टी गिर गई। आसपास बैठी दूसरी महिलाओं ने शोर मचाया। जिसके बाद मनरेगा मेट प्रदीप और गांव के सरपंच प्रतिनिधि कुलबीर समेत ग्रामीणों ने करीब 7 महिला मजदूरों को मिट्टी से निकालकर अस्पताल में पहुंचाया। वहीं गांव की 40 वर्षीय नवीना, 39 वर्षीय बबीता, 25 वर्षीय नीतू, 38 वर्षीय शारदा, 33 वर्षीय निर्मल, 28 वर्षीय मंजू, 26 वर्षीय किरण को अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया है, जबकि एक महिला को छुट्टी दे दी गई।

# अब अधिकारियों को भी नहीं छोड़ रहे ठग, IAS मनी राम शर्मा की फोटो व्हाट्सएप DP पर लगा मांग रहे रुपए

**चंडीगढ़ (धरणी)**. साइबर अपराध बढ़ते जा रहे है। साइबर ठग अब नए-नए तरीके से ठगी कर रहे है। ठग आम जनता को तो ठग लेते थे लेकिन अब वह ब्लूस अधिकारियों को भी नहीं छोड़ रहे है। इस बार साइबर ठगों के निशाने पर आई ए एस अधिकारी डॉक्टर मनी राम शर्मा आ गए। उनका फोटो व्हाट्सएप प्रोफाइल पर लगाकर उनके कुछ जानकारों से पैसे की मांग की जा रही है। आईएएस अधिकारी पंचकूला के रहने वाले है। उन्होंने ऐसे फ्रॉड लोगों से सावधान रहने व किसी प्रकार की कोई राशि न भेजने की अपील की है।

# पद्मश्री के लिए चयनित गुरविंदर सिंह से मिलने पहुंचे दुष्यंत चौटाला, कई सालों से कर रहे बेसहारों की सेवा

**सिरसा (सतनाम)**. भाई कन्हैया आश्रम के संचालक गुरविंद्र सिंह पिछले कई सालों से मानवता की भलाई का काम कर रहे है। आज तक उन्होंने 700 से ज्यादा बेसहारा लोगों की मदद की है। 500 से ज्यादा लोगों को अपने परिवारों से मिलवा चुके हैं। बहुत सी लड़कियों की शादी कर चुके हैं। बताया जा रहा है कि हरियाणा के डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने पद्म श्री पुरुस्कार के लिए चयनित सिरसा के समाजसेवी सरदार गुरविंदर सिंह से मुलाकात की और उन्हें बधाई दी।

दुष्यन्त चौटाला ने संस्था द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यो के लिए जमकर सराहना की। वातावरण की शुद्धता के लिए संस्था द्वारा विकसित किए जा रहे जंगल को भी डिप्टी सीएम ने देखा, जहां भूमि के बड़े भाग पर दर्जनों प्रजातियों के बड़ी संख्या में पेड़ -पौधे उगाए गए हैं।

# भाजपा ने हरियाणा लोकसभा इलेक्शन इंचार्ज और सह प्रभारी के नाम किए घोषित, इन्हें मिली ये अहम जिम्मेदारी

**लोकसभा का चुनाव लगभग सिर पर आ चुका है। इस लोकतांत्रिक महापर्व से पहले हरियाणा में भाजपा ने एक अहम पदभार भाजपा प्रभारी बिप्लब देब को सौंपा है...**



चंडीगढ़: लोकसभा का चुनाव लगभग सिर पर आ चुका है। इस लोकतांत्रिक महापर्व से पहले हरियाणा में भाजपा ने एक अहम पदभार भाजपा प्रभारी बिप्लब देब को सौंपा है। चुनावी मोड में चल रही भाजपा ने अन्य राज्यों के अलावा हरियाणा में भी लोकसभा चुनाव के लिए इलेक्शन इंचार्ज के नाम की घोषणा की है। भाजपा ने त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान में हरियाणा भाजपा प्रभारी को इलेक्शन इंचार्ज बनाया है। इसके साथ ही भाजपा द्वारा सह प्रभारी की भी घोषणा की गई है। सह प्रभारी के लिए भाजपा अध्यक्ष ने सांसद सुरेंद्र नागर के नाम की घोषणा की है। वहीं बता दें कि बिप्लब देब पहले से ही प्रभारी का पद संभाल रहे हैं और वह पद बने हुए हैं।

## प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने में जुटे डॉक्टर हरिओम पद्मश्री के लिए चयनित, परिवार में खुशी की लहर

**कुरुक्षेत्र** . धर्मनगरी कुरुक्षेत्र के डॉक्टर हरिओम का नाम पदमश्री के लिए चयनित होने पर उनके परिजनों में खुशी की लहर दिखी। दरअसल किसानों को जैविक खेती के लिए प्रेरित करने वाले डॉक्टर हरिओम बोले कि जैविक-रासायनिक खेती से बढ़ रही ग्लोबल वार्मिंग का एकमात्र समाधान प्राकृतिक खेती है।

बता दें कि हरिओम हर आम किसान तक प्राकृतिक खेती की पहुंच के लिए जुटे हैं। जैसे ही गणतंत्र दिवस के अवसर पर केंद्र सरकार की ओर से पद्मश्री के लिए उनके नाम की घोषणा की गई थी तो न केवल परिवार बल्कि पूरे कुरुक्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। यही नहीं प्राकृतिक खेती के आधार बने गुरुकुल कुरुक्षेत्र में भी खुशी की लहर है तो वहीं डॉक्टर हरिओम को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।जानें कौन हैं डॉक्टर हरिओम

डॉक्टर हरिओम चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के अंतर्गत स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में प्रमुख वैज्ञानिक के तौर पर कार्यरत रह चुके हैं, उन्होंने कैथल कुरुक्षेत्र के अलावा भी कई जगह अपनी सेवाएं दी है और सेवानिवृत्ति के बाद पिछले कई वर्षों से आचार्य देवव्रत के प्राकृतिक खेती मॉडल को बढ़ावा देने में लगे हैं। डॉक्टर हरिओम ने पीएम मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री, हरियाणा सरकार व गुजरात के राज्यपाल के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती का मिशन जोकि धर्मनगरी कुरुक्षेत्र से हरियाणा सरकार ने चलाया है।


उसके पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन भी है, क्योंकि वर्तमान परिवेश में ग्लोबल वार्मिंग एक विकराल रूप धारण कर रहा है और प्राकृतिक खेती करने से जमीन की जुताई व खरपतवार तथा उत्पादन लागत में कमी यानि खासा फायदा होता है तथा किसानों की समस्याओं का समाधान भी होता है।

# मुख्यमंत्री प्रदेश में 60 अमृत सरोवरों का उद्घाटन कर बोले- पानी का सदुपयोग करें, दुरुपयोग नहीं

**चंडीगढ़ (धरणी)**. हरियाणा के मुख्यमंत्री हरियाणा मनोहर लाल अमृत प्लस सरोवरों का उद्घाटन करने से पहले बारीकी से पंचायत मंत्री देवेन्द्र बबली व मुख्य अभियंता पंचायती राज हरियाणा चण्डीगढ़ यशबीर सिंह से हर तरह की जानकारी लेते है। प्रदेश में गांव दुलट्ट जिला फतेहाबाद में तालाब में सींचे वाला मॉडल के बारे में विस्तार से चर्चा करते हुए इन लोगों ने सी एम को उचित दिशा निर्देश भी दिए। मुख्य अभियंता पंचायती राज हरियाणा चण्डीगढ़ यशबीर सिंह भी पूरा होम वर्क करके आए थे,उन्होंने भी सभी बातों के सहजता से जवाब दिए।

मनोहर लाल बोले- पानी का सदुपयोग करें, दुरुपयोग नहीं

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जनता से आह्वान किया कि पानी का सदुपयोग करें, दुरुपयोग नहीं। पानी के रि-यूज और रि-साईकिल पर जोर दें। प्रदेश में भूजल रिचार्जिंग के लिए 1000 और रिचार्ज-वेल



स्थापित किए जाएंगे। मेरा पानी मेरी विरासत योजना के तहत 1,74,000 एकड़ क्षेत्र में किसानों ने धान के स्थान पर अन्य फसलों को अपनाया है। मनोहर लाल ने प्रदेश के नागरिकों का आह्वान किया कि पानी का सदुपयोग करें, दुरुपयोग नहीं। पानी बेशकीमती है, इसलिए उपलब्ध पानी का उपयोग कर उसे पुनः उपयोग करने की आदत बनाए।उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक अध्ययन के अनुसार राज्य में पानी की मांग लगभग 35 लाख करोड़ लीटर पानी की है, जबकि हमारे पास लगभग 21 लाख करोड़ लीटर पानी उपलब्ध है। इस प्रकार लगभग 14 लाख करोड़ लीटर पानी की कमी है। भूजल के अलावा पानी की उपलब्धता बरसात व पहाड़ों से आने वाले पानी से होती है। उन्होंने कहा कि एसवाईएल नहर के माध्यम से समझौते के अनुसार हरियाणा को पंजाब से पानी मिलना था, लेकिन यह अभी नहीं मिल रहा है। यह अंतरराज्यीय विवाद है। इस विवाद को हल करने के लिए हम सुप्रीम कोर्ट तक गए है। यह विवाद अभी हल नहीं भी हो रहा है तो भी हरियाणा सरकार ने पानी का बेहतर प्रबंधन किया है। दक्षिण हरियाणा में लगभग 300 टेलों तक हमने पानी पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय जल प्रदूषण बोर्ड ने प्रदेश में प्रदूषित जल को संशोधित करने, जल संरक्षण, जल प्रबंधन के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की है और अन्य राज्यों के लिए हरियाणा को मॉडल बताया है।

# उत्कृष्ट कार्य करने वालों को शहरी स्थानीय निकाय मंत्री ने किया सम्मानित

**ताऊ देवीलाल स्टेडियम में 75 वें गणतंत्र दिवस पर आयोजित जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में विद्यार्थियों ने देशभक्ति, हरियाणवी संस्कृति व विकसित भारत की संकल्पना से ओतप्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत कर माहौल को देशभक्ति से परिपूर्ण बना दिया।**

**गुड़गांव.** ताऊ देवीलाल स्टेडियम में 75 वें गणतंत्र दिवस पर आयोजित जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में विद्यार्थियों ने देशभक्ति, हरियाणवी संस्कृति व विकसित भारत की संकल्पना से ओतप्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत कर माहौल को देशभक्ति से परिपूर्ण बना दिया। इस समारोह में हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ कमल गुप्ता ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को भी प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया जिसमें सीआईडी के हेड कांस्टेबल धर्मप्रकाश को भी उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम में सर्वप्रथम राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अर्जुन नगर की छात्राओं द्वारा 'शिव शक्ति' थीम पर आधारित धार्मिक भावनाओं से ओतप्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रमों की इस श्रृंखला में ब्लू बेल्स पब्लिक स्कूल सेक्टर 10 के विद्यार्थियों द्वारा राजस्थानी नृत्य प्रस्तुत किया गया जिसमें पारंपरिक गीतों पर अपनी मन-मोहक प्रस्तुति से दर्शक दीर्घा में भी जोश भर दिया। वहीं सांस्कृतिक कार्यकर्मों के तीसरे क्रम में ब्लू बेल्स पब्लिक स्कूल व राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुशांत लोक सैक्टर-43 के विद्यार्थियों द्वारा संयुक्त रूप से विश्व के सबसे बड़े लिखित संविधान के गौरान्वित सफर से परिचय कराते हुए 'जय हो' सांग पर अपनी दमदार प्रस्तुति दी।

गणतंत्र दिवस समारोह में परेड कमांडर एसीपी प्रियांशु दीवान की अगुवाई में गुरुग्राम पुलिस, गुरुग्राम महिला पुलिस, गुरुग्राम ट्रैफिक पुलिस व होमगार्ड, एनसीसी, हरियाणा सशस्त्र पुलिस बल बैंड, स्टूडेंट पुलिस कैडेट, हरियाणा सिविल डिफेंस व प्रजातंत्र के प्रहरी की परेड टुकडियों द्वारा भव्य व आकर्षक मार्च पास्ट की प्रस्तुति दी गई।

मुख्यातिथि द्वारा समारोह के समापन पर नगर गुरुग्राम, साइबर सिक्योरिटी पुलिस व जिला बागवानी विभाग को प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान के साथ प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया।

समारोह का समापन राजकीय कन्या महाविद्यालय सेक्टर-14 की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए राष्ट्रीय गान से हुआ।

# नूंह में जेजेपी को झटका, पूर्व जिलाध्यक्ष व पार्टी से चुनाव लड़ चुके तैयब इनेलो में होंगे शामिल

**हरियाणा सहित पूरे देश में लोकसभा चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हैं। इस बीज हरियाणा में सरकार की साझेदार पार्टी जेजेपी को बड़ा झटका लगा है। जेजेपी पूर्व प्रत्याशी व पूर्व जिलाध्यक्ष तैयब हुसैन घोसेडिया ने इनेलो ज्वाइन करने वाले हैं...**

**नूंह.** हरियाणा सहित पूरे देश में लोकसभा चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हैं। इस बीज हरियाणा में सरकार की साझेदार पार्टी जेजेपी को बड़ा झटका लगा है। जेजेपी पूर्व प्रत्याशी व पूर्व जिलाध्यक्ष तैयब हुसैन घोसेडिया ने इनेलो ज्वाइन करने वाले हैं। घासेडिया आगामी 5 फरवरी को गुड़गांव में इनेलो के महासचिव अभय सिंह चौटाला के नेतृत्व में इनेलो पार्टी ज्वाइन करेंगे।

शनिवार को किरंज गांव में तैयब हुसैन घासेडिय़ा के समर्थन में समारोह में कई लोगों भाजपा कांग्रेस का दामन छोड़कर तैयब हुसैन घासेडिय़ा को अपना समर्थन दिया। इसी को लेकर गांव के लोगों द्वारा समर्थन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तैयब हुसैन घासेडिय़ा ने कहा कि वह जेजेपी से पिछले 2 वर्षो से फिजिकल रूप से दूरी बनाए हुए थे। मुख्य कारण उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला मेवात के विकास को लेकर गंभीर नहीं थे। जिसके चलते जेजेपी को अलविदा किया जा रहा है।



उन्होंने कहा इनेलो पार्टी मेवात के विकास को लेकर पहले भी गंभीर थी और अब भी मेवात को विकास की राह पर पहुंचाने के लिए गंभीर दिख रही है। अभय चौटाला जो कहते हैं वो करते हैं। इसी के चलते इनेलो पार्टी को थाम रहे हैं।

वहीं उन्होंने कहा कि मेवात आज दो घरानों के नेताओं के कारण पीछे रहा है। देश की राजधानी दिल्ली से मात्र 70 किलोमीटर दूर बसे हुए नूंह (मेवात) जिले को पीछे धकेलने में इन्हीं नेताओं का हाथ है। आज मेवात की जनता सही मायने में दुखी है। इन घरानों ने मेवात में विकास ही नहीं कराया। एक गुड़गांव तो दूसरे फरीदाबाद में निवास करते हैं। मेवात को आगे बढ़ाना है या नहीं बढ़ाना इस बात से उन्हें कुछ नहीं लेना है।

ये यहां सिर्फ वोट की राजनीति करते हैं। आज इसी का नतीजा है कि लोग अब खुलकर इनका त्याग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब जनता बदलाव की ओर चल पड़ी है। चुनाव नजदीक आते अब लोगों ने इनसे दूरियां बनानी शुरू कर दी है क्योंकि उन्हें पता चल गया कि दोनों घराने सिर्फ वोट के लिए इस्तेमाल करते हैं।

# ... बोलो बोलो प्रेमियों श्याम बाबा की जय

**हेलीमंडी ।** बोलो बोलो प्रेमियों श्याम बाबा की जय, खाटू वाले की जय नीले वाले की जय । श्याम तुमसे मिलने का यह सत्संग ही बहाना है, यह दुनिया वाले क्या जाने मेरा रिश्ता पुराना है । कलयुग के कहे जाने वाले देवता । शीश के दानी, जिन्हें की बर्बरीक के नाम से भी जाना जाता है। खाटू नरेश श्री श्याम बाबा को अर्पित समर्पित, प्रख्यात भजन गायको के द्वारा जब भजन प्रस्तुत किए गए तो श्री श्याम दरबार में भक्तजन नाचने झूमने को अपने आप से नहीं रोक सके। हेली मंडी के टोडापुर में मौजूद श्री श्याम मंदिर का 28वा स्थापना दिवस श्रद्धा



पूर्वक उल्लास- धूमधाम से मनाया गया । इस मौके पर श्री श्याम बल मित्र मंडल के द्वारा श्याम बाबा का जागरण आयोजित किया गया । रात्रि को आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में श्री श्याम बाबा का गुणगान करने के लिए विख्यात गायक नरेश नरसी, सपना सारवान, सागर शर्मा, हेमंत भारद्वाज के अलावा श्री श्याम बाबा के स्थानीय भक्त भी विशेष रूप से श्याम दरबार में हाजिरी लगाने पहुंचे। इस मौके पर श्री श्याम मंदिर परिसर सहित श्री श्याम पार्क को बिजली की रंगीन रोशनियों से सजाया गया। साथ में ही श्री श्याम बाबा को अर्पित समर्पित भंडारा का प्रसाद भी वितरित किया गया । इस रात्रि कालीन श्री श्याम जागरण का आरंभ खाटू नरेश के दरबार में ज्योत प्रचलित किया जाने के साथ हुआ । इस मौके पर श्री श्याम बाबा का फूलों के साथ भव्य श्रृंगार किया गया। मुख्य आकर्षण श्री श्याम बाबा को समर्पित छप्पन भोग और भव्य दरबार सहित आकर्षक बिजली की रोशनी रही। श्री श्याम दरबार में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने सहित हाजिरी लगाने के लिए पहुंचे श्याम भक्तों का उत्साह देखते ही बनता था। कड़ाके की सर्दी के बावजूद श्याम भक्त खाटू नरेश के दरबार में प्रस्तुत किए जा रहे भजनों पर उन्मुक्त भाव से झूमते रहे। रात्रि कालीन श्री श्याम जागरण में सबसे पहले संकट मोचन गणेश जी का आह्वान किया गया। तत्पश्चात बजरंगबली बालाजी को श्याम भक्तों के द्वारा निमंत्रण दिया गया। इसके उपरांत भगवान श्री राम को अर्पित समर्पित भजन के प्रस्तुतीकरण के साथ श्री श्याम का जागरण आरंभ हुआ । श्याम बाबा श्याम बाबा तेरे पास आया हूं, चरणों में तेरे में अपनी अरदास लाया हूं । जैसे भजनों के साथ खाटू नरेश का गुणगान किया गया । खाटू नरेश की महा आरती और 56 भोग श्री श्याम को अर्पित किया जाने के साथ ही दरबार में मौजूद सभी श्याम प्रेमियों को प्रसाद उपलब्ध करवाया गया।

# जिला के 1257 बूथों पर 24 घंटे प्रवास करेंगे कार्यकर्ताः डा. सुधा यादव

**गुरुग्राम ।** लोकसभा चुनाव से पहले गांव चलो अभियान के माध्यम से गुरुग्राम जिला में भी भाजपा कार्यकर्ता जिले के 1257 बूथों पर 24 घंटे का प्रवास करेंगे। शनिवार को गुरुकमल कार्यालय में जिला अध्यक्ष कमल यादव की अध्यक्षता में रखी गई कार्यशाला में संसदीय बोर्ड की सदस्य डा. सुधा यादव ने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को अभियान को सफलतापूर्वक पूर्ण करने के लिए दिशा-निर्देश दिए। सुधा यादव ने बताया कि 10 फरवरी पूरे जिले के सभी बूथों पर प्रवासी कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगाई जाएगी। कार्यकर्ता किसी अन्य बूथ पर जाकर 24 घंटे जनता के बीच रहेंगे और मोदी सरकार की नीतियों, योजनाओं और उनके लाभ देने की बात करेंगे। आज की इस कार्यशाला में जिले में रहने वाले प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रमुख आदि उपस्थित रहे।

अभियान की कार्ययोजना पर बोलते हुए डा. सुधा यादव ने बताया कि 10 फरवरी को चलने वाले इस अभियान को लेकर पहले मंडल स्तर पर भी कुछ कार्यशालाएं भी होंगी। सुधा यादव ने जिला के पदाधिकारियों को इन कार्यशालाओं से पहले अभियान के निमित बूथों, मंडलों के संयोजकों, सह संयोजकों की नियुक्ति करने के लिए भी कहा। कार्यशाला



में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों को दिलाए जाने पर काम करने के लिए भी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया। यहां मोदी ऐप के विषय में भी उपस्थिति कार्यकर्ताओं को बताया गया ताकि 10 फरवरी को जिन भी कार्यकर्ताओं की ड्यूटी बूथों पर लगे वे लोगों से ज्यादा ज्यादा नमो ऐप डाउनलोड़ करा सकें।

डा. सुधा यादव ने कहा कि मोदी सरकार विकसित भारत संकल्प यात्रा से कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतार रही है। मोदी सरकार में जनता का विश्वास लगातार मजबूत होता जा रहा है। जनता भाजपा को समर्थन देने के लिए समय का इंतजार कर रही है। उन्होंने कहा कि गांव चलो अभियान के तहत जनता के बीच जाएंगे और उन्हें आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत बनाने के संकल्प भी लोगों को दिलाएंगे। उन्होंने कहा कि गांव चलो अभियान जनसंपर्क का बड़ा अभियान है।

डा. सुधा यादव ने कहा कि गांवों में प्रवास के दौरान मोदी सरकार की योजनाओं व उपब्धियों की जानकारी घर-घर तक पहुंचानी है। उन्होंने कहा कि इस दौरान गांवों के मुख्य लोगों, एनजीओ व युवाओं तथा लाभार्थियों से संपर्क कर उन्हें पार्टी से जोड़ना अहम जिम्मेदारी होगी। उन्होंने कहा कि मोदी-मनोहर सरकार ने जितना विकास लगभग 10 सालों में ग्रामीण क्षेत्रों का किया है उतना विकास दूसरे दलों सरकारों ने कभी नहीं किया।

डा. यादव ने कहा कि गांवों में 24 घंटे बिजली, सड़क व पानी की मूलभूत सुविधाएं लोगों को मोदी-मनोहर सरकार में मिली है। आयुष्मान और चिरायु कार्ड जैसी महत्वपूर्ण योजना से गरीब लोगों को बीमारी के दौरान होने वाले खर्च से मुक्ति मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने पहले से चली आ रही समस्याओं का स्थायी समाधान किया है। डा. यादव ने कहा कि मोदी सरकार ने जो वादे किए उन्हें पूरा किया और उससे भी बढ़कर काम किया है।

कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष कमल यादव ने कहा कि मोदी-मनोहर सरकार में लोगों के जीवन स्तर में काफी बदलाव आया है। हर घर नल से स्वच्छ जल, उज्जवला योजना के तहत गरीब परिवारों को निशुल्क गैस सिलेंडर देकर महिलाओं के जीवन को सरल किया है। उन्होंने कहा कि मनोहर सरकार ने गरीब परिवारों की बेटियों की शिक्षा निशुल्क करके आगे पढ़ने का रास्ता प्रशस्त किया है। श्री यादव ने कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता लोकसभा में दस की दस सीटें जीताकर मोदी की झोली में डालने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में भी भाजपा प्रचंड बहुमत से जीतेगी और तीसरी बार मनोहर लाल के नेतृत्व में फिर से भाजपा की सरकार बनेगी।

इस मौके पर एससी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष एवं पटौदी विधायक सत्य प्रकाश जरावता, पूर्व विधायक तेजपाल तंवर, मेयर मधु आजाद, प्रदेश मीडिया सह प्रमुख अरविंद सैनी, प्रदेश सोशल मीडिया प्रमुख अरूण यादव, रामबीर भाटी, सुनील कोहली, बोधराज सीकरी, गांव चलो अभियान के संयोजक जिला महामंत्री मनीष गाड़ौली, सह संयोजक ओम प्रकाश और सुंदर लाल, जिला महामंत्री महेश यादव, जिला उपाध्यक्ष हरबीर अधाना, सतीश नागर, महिला मोर्चा की अध्यक्ष मनीता गर्ग, पूर्व जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौहान, शैलेंद्र पांडे, अर्जुन शर्मा, जिला मीडिया सह प्रमुख जयवीर यादव, नीरज यादव, जिला सचिव सुरेंद्र गहलोत, जयंती चौधरी, सोनिया यादव, कार्यालय सचिव यादराम जोया, सज्जन सिंह, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र यादव, सुनील यादव, वीरेंद्र, अभिषेक गुलाटी, राम किशन, कृष्ण यादव, श्रवण कुमार, नितिन शांडिल्य, प्रियव्रत कटारिया, मुकेश शर्मा, दौलतराम, रामनिवास, नवीन गोयल, राष्ट्र दहिया, सुनील राव आदि उपस्थित रहे।

# लोकतांत्रिक गणतंत्र को अक्षुण्ण बनाए रखने हेतु सभी भारतीयों का योगदान नितांत आवश्यक है -शिवरतन गुप्ता

**भिवानी-** उपरोक्त शब्द वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट एवं वैश्य मॉडल सी.सै. स्कूल के अध्यक्ष श्री शिवरतन जी गुप्ता ने वैश्य मॉडल सी0सैक0 स्कूल के प्रांगण में ट्रस्ट द्वारा संचालित सभी शिक्षण संस्थाओं द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित 75वें गणतंत्र समारोह में ध्वजारोहण के पश्चात सभा को संबोधित करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि संविधान के नियमों का पालन करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए तथा सभी को मिलकर भरसक प्रयास करने चाहिए ताकि भारत संपूर्ण विश्व का प्रतिनिधित्व करने में सक्षम बन सके। उन्होने कहा कि 1908 में स्थापित वैश्य संस्था ने आज एक व्यापक ट्रस्ट का रूप धारण कर लिया है जिसके अंतर्गत विभिन्न संस्थाएं भिवानी शहर एवं आस पास के क्षेत्रों के विद्यार्थियों को शिक्षित कर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपना परचम फहरा रही हैं।इन संस्थाओं में सेवारत



शिक्षक व गैर शिक्षक वृंद पूर्ण समर्पण भाव से कार्य करते हुए संस्थाओं को बुलन्दियों पर पहुंचा रहे हैं। इस अवसर पर वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के महासचिव डॉ पवन कुमार बुवानीवाला, वैश्य महाविद्यालय के महासचिव एवं प्रमुख ट्रस्टी सुरेश गुप्ता, श्री सुन्दर लाल अग्रवाल, श्री पवन अग्रवाल, श्री पुरुषोतम अग्रवाल, श्री कमलेश चौधरी, श्रीमती सुनीता गुप्ता, वैश्य महाविद्यालय के प्राचार्य डा0 संजय गोयल एवं स्वपोषित विभाग की निदेशिका डा0 प्रोमिला सिहाग, वैश्य मॉडल स्कूल की प्राचार्या श्रीमती कमला गुरेजा, वैश्य सी. सै. स्कूल के सीईओ महेश गर्ग, प्राचार्या श्रीमती सीमा गुप्ता, वैश्य इंटरनेशनल स्कूल के प्राचार्य श्री करतार सिंह जाखड सहित सभी वैश्य संस्थाओं का स्टाफ उपस्थित रहा।

# शहीदों के बलिदान से युवाओं को प्रेरणा लेने की जरूरत : डा. सुनील पाल काछवा

**तरावड़ी।** आजादी के 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर काछवा के इंनफलिटी पब्लिक स्कूल एवं एस.एस.आर. कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें भाजपा ओ.बी.सी. मोर्चा मंडल के महामंत्री एवं शक्ति केंद्र प्रमुख डा. सुनील पाल काछवा ने बतोर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने स्कूल के सभी स्टाफ सदस्यों के साथ मिलकर देश के राष्ट्रीय ध्वज को पुरे मान सम्मान के साथ फहराया। इस दौरान गणमान्य लोगों और स्टाफ सदस्यों ने भी राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे झंडे को सलामी देते हुए राष्ट्रीयगान गाया। मंच पर स्कूल के बच्चों द्वारा देशभक्ति के रंगारंग कार्यक्रम के साथ-साथ नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए गए। स्कूल प्रबंधक उर्वशी भारद्वाज, अश्विनी भारद्वाज, डा. नितीश भारद्वाज व प्रिंसिपल आशा भाटिया ने कार्यक्रम में पहुंचने पर गणमान्य लोगों व मुख्यातिथि का स्वागत किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए भाजपा ओ.बी.सी. मोर्चा मंडल के महामंत्री एवं शक्ति केंद्र प्रमुख डा. सुनील पाल काछवा ने कहा कि गणतंत्र दिवस पर हमें आपसी एकजुटता का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि



हमें शहीदों की कुर्बानियों को भूलना नही चाहिये। उनके बलिदान को हमेशा याद रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जो विजन है भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाने का, उसमें हम सब को सहयोग करना चाहिए ताकि प्रधानमंत्री जी के विजन को साकार किया जा सकें। इस अवसर पर काछवा से भट्ट भारद्वाज समाज के प्रधान नरेश फौजी, भाजपा मंडल महामंत्री डॉ सुनील पाल काछवा, पंचायत मैंबर सुखविंदर शर्मा, समाजसेवी मदल लाल भारद्वाज, सुभाष पाल, अंग्रेज भारद्वाज, रिटायर्ड रेलवे अफसर रामकिशन, ओमप्रकाश, दीनू पाल, महिन्द्र भारद्वाज, नीरज कुमार, रवि कुमार, सोमदत्त भारद्वाज, डिपो होल्डर गोविन्द कुमार, समाजसेवी जगदीश पाल, रोहताश पाल, अमित कुमार समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# मास्टरमाइंड बदमाश सहित गिरोह के 04 आरोपी गिरफ्तार किए गए

**गुरुग्राम ।** पुलिस थाना सैक्टर-९ए, गुरुग्राम में छात्रा ने एक लिखित शिकायत के माध्यम से बतलाया कि 23. जनवरी को सैक्टर-07 एक्सटेंशन आचार्यपुरी रोड से 02 अज्ञात लड़के 01 स्कूटी पर सवार होकर आए और इसके हाथ से इसका मोबाईल फोन छीनकर ले गए। इस शिकायत पर थाना सैक्टर-९ए, गुरुग्राम में सम्बन्धित धाराओं के तहत अभियोग अंकित किया गया। जिला पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया निरीक्षक संदीप कुमार, प्रबन्धक थाना सैक्टर-९ए, गुरुग्राम के नेतृत्व में उप-निरीक्षक आशीष कुमार व मुख्य सिपाही कुलदीप कुमार ने अपनी पुलिस टीम के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देने वाले दोनों आरोपियों व उनके 02 साथी आरोपियों सहित कुल 04 आरोपियों को काबू करने में बड़ी सफलता हासिल की है, जिनकी पहचान दीपांशु उर्फ गप्पू (उम्र 20 वर्ष), हर्ष उर्फ पीयूष (उम्र 19 वर्ष), अनिल उर्फ नन्हे (उम्र 30 वर्ष) व कृष्ण (उम्र 21 वर्ष) के रूप में हुई। पुलिस टीम द्वारा दिनांक 26. जनवरी को आरोपी दीपांशु, हर्ष, अनिल को तथा दिनांक 27. जनवरी को आरोपी कृष्ण को देवीलाल कॉलोनी, गुरुग्राम से काबू करके अभियोग में नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से पुलिस पूछताछ में ज्ञात हुआ कि उपरोक्त आरोपी दिपांशु व हर्ष नशा करने के आदि है और आरोपी अनिल उर्फ नन्हे के कहे अनुसार तथा अपने नशे की पूर्ति के लिए ये लूटपाट/छीनाझपटी की वारदातों को अंजाम देते है, ये लूटपाट/छीनाझपटी के सामान को अपने गिरोह के मास्टरमाइंड अनिल उर्फ नन्हे को दे देते थे और अनिल छीने हुए समान के बदले उन्हें नशा करने के लिए रुपए व शराब इत्यादि देता था, उसके बाद अनिल उर्फ नन्हे लूटे हुए सामान/मोबाईल फोन को मोबाईल रिपेयरिंग का काम करने वाले अपने उपरोक्त साथी आरोपी कृष्ण को बेच देता था और कृष्ण छीने हुए मोबाईल फोन के पार्ट्स



निकालकर बेच देता। आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में लूटपाट, छीनाझपटी, मारपीट करके लूटपाट, चोरी की 19 वारदातों को अंजाम देने का खुलाशा किया है। आरोपियों के अपराधिक रिकॉर्ड के अवलोकन से ज्ञात हुआ कि आरोपी के अनिल उर्फ नन्हे के खिलाफ पहले भी लड़ाई-झगड़े, छीनाझपटी, अवैध शराब रखने/बेचने इत्यादि अपराधों के 16 अभियोग गुरुग्राम के विभिन्न थानों में अंकित है तथा अरोपी दिपांशु उर्फ गप्पू के विरुद्ध भी चोरी करने के सम्बन्ध में 01 अभियोग पहले भी अंकित हैं। आगामी कार्यवाही के लिए आरोपियों को अदालत में पेश किया जाएगा।

## क्राइम डायरी

# फरीदाबाद पुलिस के अनुसंधान अधिकारियों को महिला व बाल अपराध, मानव तस्करी व पोक्सो एक्ट में हुए बदलाव के बारे में जानकारी देने के लिए सेक्टर 12 में आयोजित की गई ट्रेनिंग



**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** अभी हाल ही में भारतीय न्याय संहिता तथा पूर्व में जेजे एक्ट व पोक्सो एक्ट में हुए बदलावों के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के निर्देशानुसार फरीदाबाद पुलिस के अनुसंधान अधिकारियों की सेक्टर 12 में ट्रेनिंग आयोजित की गई जिसमें एसीपी मुख्यालय अभिमन्यु गोयत, एसीपी क्राईम अगेंस्ट वूमेन श्रीमती मोनिका सहित करीब 100 पुलिसकर्मियों ने हिस्सा लिया। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि यह ट्रेनिंग दिल्ली स्थित शक्ति वाहिनी संस्था द्वारा कैलाश सत्यार्थी फाऊंडेशन की सहायता से आयोजित की गई जिसमें संस्था के कार्यकारिणी निर्देशक श्री निशिकांत, अधिवक्ता शिवपुरी तथा मोहित ने पोक्सो व जेजे एक्ट एक्ट तथा मानव तस्करी के बारे में ट्रेनिंग प्रदान की। ट्रेनिंग के दौरान अधिवक्ताओं ने बताया कि मानव तस्करी महिला व बाल अपराध पर अंकुश लगाने के लिए कानून में विभिन्न प्रावधान किए गए हैं और एक्ट बनाकर इनको लागू करने तथा किस प्रकार से अनुसंधान किया जाए इसके बारे में जानकारी प्रदान की गई है। अनुसंधान अधिकारियों को अनुसंधान के दौरान कानून के विभिन्न विषयों के बारे में जानकारी रखना अति आवश्यक है। अभी हाल ही में भारत सरकार द्वारा भारतीय न्याय संहिता की धाराओं में कुछ बदलाव किए गए हैं और वहीं पूर्व में भी पोक्सो एक्ट में बदलाव किए गए थे जिनके बारे में अनुसंधान अधिकारियों को जानकारी होना अति आवश्यक है ताकि वह किसी मुकदमे सही तरीके से इन्वेस्टिगेट कर सकें और सही धाराओं के तहत कानून के तहत कार्रवाई अमल में लाई जा सके।

# इस सप्ताह 19 से 25 जनवरी, साइबर अपराध के 04 मुकदमों मे 09 आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** पुलिस द्वारा आमजन को साइबर ठगी से बचाने के लिए साइबर एडवाइजरी जारी की गई है जिसमें आमजन को सोशल मीडिया पर साइबर अपराधियों के द्वारा बिछाए गए जाल के संबंध में जागरुक किया है। साइबर अपराधियो द्वारा आमजन को अपनी जाल में फंसा कर अलग-अलग तरीकों से साइबर फ्रॉड किए जा रहे है।

साइबर अपराध के तरीके

सेक्सटोर्शन फ्रॉड

आजकल साइबर अपराधियों की गैंग फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से किसी भी व्यक्ति के साथ मित्रता करके वीडियो कॉल करते हैं जिसमें सामने वाली लड़की/लड़का निर्वस्त्र होकर वीडियो कॉल पर आते है और उनकी वीडियो रिकॉर्डिंग करके उसे व्यक्ति को भेजी जाती है और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल किया जाता है। ब्लैकमेलिंग के माध्यम से पैसों की डिमांड की जाती है और जब वह व्यक्ति एक बार पैसे दे देता है तो उसे फिर से ब्लैकमेल करके बार-बार पैसों की डिमांड की जाती है। इस प्रकार वह व्यक्ति मानसिक परेशानी का सामना तो करता ही है इसके साथ ही उसे आर्थिक रूप से भी बहुत नुकसान उठाना पड़ता है। इसलिए ध्यान रखें कि यदि कोई व्यक्ति सोशल मीडिया के माध्यम से मित्रता करके वीडियो कॉल करने के लिए कहता है तो वह साइबर अपराधी हो सकता है इसलिए किसी भी अनजान व्यक्ति की वीडियो कॉल को रिसीव ना करें और सोशल मीडिया के माध्यम से किसी भी अनजान व्यक्ति या महिला से पूरी जानकारी प्राप्त किए बिना मित्रता न करें। आजकल देखने में आया है कि साइबर अपराधी किसी व्यक्ति के फेसबुक या इंस्टाग्राम से कोई फोटो लेकर अपनी आईडी पर लगा लेते हैं और बाद में उस व्यक्ति के जानकारों से संपर्क करते हैं तथा उसे कोई मजबूरी जाहिर करते हुए पैसों की मांग करते हैं या फिर फोन करके अपने आपको आपका जानकार बतलाते हुए बात करते हैं और बातों ही बातों में आपको अपने विश्वास में लेकर किसी मजबूरी के चलते पैसों की मांग करते हैं और आपके खाते से पैसे ट्रांसफर करवा लेते हैं। बाद में जब आप अपने जानकारी से वह पैसे वापस मांगता है तो पता चलता है कि उसने तो कभी पैसे मांगे ही नहीं थे बल्कि कोई साइबर अपराधी उसकी फोटो लगाकर आपसे पैसे ठगी करके ले गया था इसलिए ध्यान रखें कि जब भी किसी अनजान नंबर से कॉल आए या फेसबुक या व्हाट्सएप के माध्यम से आपका जानकार बनकर आपसे पैसों की मांग करें तो पहले पूरी तरह जांच कर ले कि वह आपका जानकार ही है या कोई साइबर अपराधी आपसे पैसे ठगने की कोशिश कर रहा है। बिना जानकारी प्राप्त किए पैसे ट्रांसफर ना करें अन्यथा आपको भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।

ऑनलाइन फ्रॉड से कैसे बचें-

अनजान व्यक्ति से वीडियो कॉल आए तो तुरंत हो जाएं सावधान

वीडियो कॉल पर कोई अश्लील कृत्य करता है तो समझ जाए कि वह आपको ब्लैकमेल करके पैसे ऐंठने की फिराक में है

अनजान नंबर से कोई कॉल करके अपने आप को आपका जानकार बताकर पैसों की मांग करता है तो पैसे ट्रांसफर ना करें

पैसे भेजने से पहले अपनी जानकारी से संपर्क करके अच्छी तरह कर लें जांच

साइबर पुलिस की उपलब्धियाँः-

19 जनवरी से 25 जनवरी तक फरीदाबाद की साइबर

पुलिस ने 04 केस सुलझाते हुए 09 आरोपियों को गिरफ्तार

कर 46800 रूपए किए बरामद

1 केस साइबर सेंन्ट्रल, 2 साइबर बल्लबगढ़ तथा 1 मामला साइबर एनआईटी ने सुलझाया

इस सप्ताह में साइबर पुलिस ने 118 शिकायतों का

निस्तारण करते हुए 20000 रूपए करवाए रिफंड वा

197096 रूपये बैंकों में सीज कराये गये।

साइबर ठगी होने पर किससे करें संपर्क

साइबर अपराध होने पर अपनी शिकायत साइबर हेल्पलाइन 1930 या https://cybercrime.gov.in पर दर्ज करवाएं। साइबर पुलिस द्वारा साइबर अपराधियों के बैंक खातों को फ्रीज करके ठगी से प्राप्त की गई राशि वापस आपके बैंक खाते में ट्रांसफर करवा दी जाएगी।

1. कभी भी किसी अनजान व्हाट्सएप, टेलीग्राम व अन्य सोशल मीडिया ग्रुप से नही जुडना चाहिए।
2. कभी भी अपनी व्यक्तिगत जानकारी किसी के साथ सांझा नही करनी चाहिए।

# क्राइम ब्रांच 48 ने चोरी के मुकदमे में एक वाहन चोर आरोपी को किया गिरफ्तार, एक मोटरसाइकिल बरामद

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** डीसीपी क्राइम हेमेन्द्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 48 प्रभारी जगबीर सिंह की टीम ने चोरी के मुक़दमे में आरोपी को गिरफ़्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ़्तार किए गए आरोपी का नाम बंटी (42) है जो राजस्थान के अलवर का निवासी है और फरीदाबाद के संजय कॉलोनी एरिया में रह रहा था और पेंटर का काम करता है। क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपी को चोरी की मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया था। आरोपी से जब मोटरसाइकिल के कागजात मांगे गए तो वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका जिसके पश्चात उससे पूछताछ करने पर सामने आया कि उसने यह मोटरसाइकिल 23 दिसंबर को संजय कॉलोनी एरिया में गली से चोरी की थी। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी बहुत शराब पीता है जो चोरी के मुकदमे में दो-



तीन बार जेल भी जा चुका है और जेल से बाहर आने के पश्चात फिर से चोरी की वारदात को अंजाम देता है। मोटरसाइकिल बरामद करने के पश्चात आरोपी को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

# इस सप्ताह 19 से 25 जनवरी, साइबर अपराध के 04 मुकदमों मे 09 आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** डीसीपी एनआईटी अमित यश वर्धन के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस चौकी नम्बर-2 इंचार्ज पंकज की टीम ने मोबाईल फोन चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले 2 आरोपियो को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियो में रोहित और अजय का नाम शामिल है। दोनों आरोपियो को तकनीकी सहायता से नेहरु कॉलोनी से ,ह्यद्व राजेश,सिपाही नवीन,सिपाही सोमवीर ने चोरी के मुकदमें में गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी मूल रुप से उत्तर प्रदेश के रहने वाले है जो अब फरीदाबाद की नेहरु कॉलोनी में रहते है। दोनों आरोपियो को सेक्टर-55 के रहने वाले व्यक्ति के फोन चोरी के मामले में गिरफ्तार किया गया है। आरोपियो से पूछताछ के दौरान आरोपी रोहित के घर से 15 मोबाईल फोन बरामद किए गए है। दोनों आरोपी चोरी की वरादात को भीड वाले स्थानों पर जैसे रेली, मेला, मंदिर इत्यादि



स्थानों पर अंजाम देते है। आरोपी अजय पहले भी उत्तर प्रदेश में जेल जा चुका है। आरोपी चोरी के मोबाईल फोनों को मौके के अनुसार बेच देते है। दोनों आरोपी नशा करने के आदि है। नशे की पूर्ती के लिए चोरी की वारदातों को अंजाम देते है। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर जेल भेजा जा चुका है। बरामद हुए मोबाईल फोन के संबंध में सभी थानो में सूचना दी गई ।

# बच्चों का पसंदीदा खिलौना तकिया



बच्चों का बचपन एक ऐसा समय होता है जिसमें मां-बाप को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ती। किसी भी मां के लिए सबसे कठिन काम होता है बच्चों को सुलाना। ऐसे में अगर बच्चों को उनका सबसे पसंदीदा खिलौना तकिया दे दिया जाए तो आपका आधा काम वैसे ही हो जाता है। क्योंकि तकिये के साथ खेलते-खेलते नींद के आगोश में चले जाना कोई बड़ी बात नहीं। चैन की नींद तो किसी को भी आ जाए, उसकी सारी थकान मिट जाती है। ऐसे में जरूरी है कि आप उनकी पसंद-नापसंद को जानें क्योंकि यदि उनके रूम की सजावट में रंगों एवं पेंटिंग्स का ध्यान रखा गया है तो उनके तकिए और बैडशीट में भी बेबी प्रिंट एवं कलर्स होना बहुत जरूरी है।

### सहारा देकर बैठाने को तकिया

बाजार में इस प्रकार के तकिए भी उपलब्ध हैं जिनके दोनों ओर बाजू लगे हों तथा बैठना सीख रहे बच्चों को उसके साथ बैठा कर साइड बाजू का सहारा दिया जाए या फिर उन्हें बंद कर दिया जाए ताकि वे बैठे-बैठे आगे को लुढ़क न पाएं।

### नवजात शिशुओं के लिए तकिया

वे दिन गए जब दादी-नानी नवजात शिशु के लिए स्वयं एक खास तकिया बनाती थीं।

आजकल तो नन्हे बच्चों के लिए टैडी और फ्लावर वाले तकिए से लेकर उसके सिर को सहारा देने तक के लिए तकिए बाजार में उपलब्ध हैं। इससे उसका सिर इधर-उधर नहीं होता और एक स्थान पर टिका रहता है।

### विभिन्न रंगो में उपलब्ध

टैडी, लॉयन, मगरमच्छ, डॉग, रैबिट, फिश एवं फ्लोरल शेप में ये तकिए सॉफ्ट टॉयज के अलावा प्रिंट्स, इंब्रायडरी एवं पैच वर्क में भी उपलब्ध हैं। इसके अलावा इनके ब्राइट कलर्स भी बच्चों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं।

### कई वैरायटी में मौजूद

इस बिजनैस से जुड़े लोगों की यदि मानें तो बच्चों के तकिए भी विभिन्न प्रकार के मैटीरियल से बने होते हैं जैसे-

### फॉम का तकिया

फॉम के बारीक-बारीक टुकड़ों से भी तकिया बनता है। इस प्रकार के तकिए भी बाजार में बहुत बिकते हैं।

### रेक्रान के तकिए

बच्चों के तकियों में सबसे ज्यादा रेक्रान के तकिए बिकते हैं। यह सबसे कोमल व नरम तकिया होता है। साथ ही वजन में बहुत हल्का व आरामदायक होने के कारण यह सबसे ज्यादा बिकता है।

### काली रूई के तकिए

काली रूई वेस्ट मैटीरियल से बनती है। वेस्ट मैटीरियल को मशीनों में कई प्रक्रियाओं से गुजारकर सॉफ्ट बनाया जाता है। इस रूई से तकिया व गादियां दोनों बनाए जाते हैं।

# बच्चों के मूड को फ्रेश करता है कम्प्यूटर गेम



अक्सर पैरेंट्स को यह शिकायत होती है कि उनके बच्चे कम्प्यूटर गेम में अपना काफी समय बर्बाद करते हैं। पर क्या इसे समय की बर्बादी कहना सही है? पैरेंट्स तो यही कहेंगे कि हां! इन गेम्स का कोई लाभ नहीं बल्कि ये दिमाग पर बुरा असर डालते हैं लेकिन क्या यह सोच सही है?

कम्प्यूटर गेम खेलने से बच्चों में सीखने की क्षमता बढ़ती है। इससे हौसले बढ़ते हैं और उनमें नई-नई चीजों के प्रति दिलचस्पी जगती है। यह सच है कि गेम की दुनिया में वर्ल्ड ऑफ वार क्राफ्ट, एक्स बॉक्सेज, प्ले स्टेशन, विस और रन स्केप जैसे गेम्स को मेंटल डिसऑर्डर पैदा करने वाला पाया गया है। इसी तरह कुछ गेम बच्चों में हिंसक और गुस्सैल प्रवृत्ति को विकसित करते हैं लेकिन इधर हुए कई शोधों का आकलन है कि कुछ चुनिंदा गेम्स को छोड़ दें तो यह मानना सही होगा कि इनसे पर्सनालिटी डेवलपमेंट में काफी मदद मिलती है। इससे बच्चों का न केवल भावनात्मक विकास होता है बल्कि उनमें मैनेजमेंट स्किल से लेकर टीम वर्क की भावना तक विकसित होती है।

यह स्किल उन्हें तमाम समस्याओं से निपटने में मदद करती है। मूड भी फ्रेश ही रखता है। इनके जरिये बोरियत और तनाव से भी बचा जा सकता है। वहीं इससे हौसले बढ़ते हैं और उनमें नई-नई चीजों के प्रति दिलचस्पी जगती है। साथ ही, उनमें आजादी की भावना पैदा होती है और वे समाज से अपना जुड़ाव भी गहराई से महसूस करते हैं।

# अकबर को बीरबल का जवाब



**एक दिन बादशाह अकबर ने ऐलान किया कि जो भी मेरे सवालों का सही जवाब उदाहरण सहित देगा, उसे भारी इनाम दिया जाएगा। सवाल कुछ इस प्रकार से थे-**

ऐसा क्या है जो आज भी है और कल भी रहेगा? ऐसा क्या है जो आज भी नहीं है और कल भी नहीं होगा? ऐसा क्या है जो आज तो है लेकिन कल नहीं होगा?

किसी को भी चतुराई भरे इन तीनों सवालों का जवाब नहीं सूझ रहा था। तभी बीरबल बोला, 'हुजूर! आपके सवालों का जवाब मैं दे सकता हूं, लेकिन इसके लिए आपको मेरे साथ शहर का दौरा करना होगा। तभी आपके सवाल सही ढंग से हल हो पाएंगे।'

अकबर और बीरबल ने वेश बदला और सूफियों का बाना पहनकर निकल पड़े। कुछ ही देर बाद वे बाजार में खड़े थे। फिर दोनों एक दुकान में घुस गए।

बीरबल ने दुकानदार से कहा, 'हमें बच्चों की पढ़ाई के लिए मदरसा बनाना है, तुम हमें इसके लिए हजार रुपये दे दो।' जब दुकानदार ने अपने मुनीम से कहा कि इन्हें एक हजार रुपये दे दो तो बीरबल बोला, जब मैं तुमसे रुपये ले रहा हूंगा तो तुम्हारे सिर पर जूता मारूंगा। हर एक रुपये के पीछे एक जूता पड़ेगा। बोलो, तैयार हो?

यह सुनते ही दुकानदार के नौकर का पारा चढ़ गया और वह बीरबल से दो-दो हाथ करने के लिए आगे बढ़ा। लेकिन दुकानदार ने नौकर को शांत करते हुए कहा, 'मैं तैयार हूं लेकिन मेरी एक शर्त है। मुझे विश्वास दिलाना होगा कि मेरा पैसा इसी नेक काम पर खर्च होगा।

ऐसा कहते हुए दुकानदार ने सिर झुका दिया और बीरबल से बोला कि जूता मारना शुरू करें। तब बीरबल और अकबर बिना कुछ कहे-सुने दुकान से बाहर निकल आए। दोनों चुपचाप चले जा रहे थे तभी बीरबल ने मौन तोड़ा, 'बंदापरवर! दुकान में जो कुछ हुआ, उसका मतलब है कि दुकानदार के पास आज पैसा है और उस पैसे को नेक कार्यों में लगाने की नीयत भी, जो उसे भविष्य में नाम देगी।

इसका एक मतलब यह भी है कि अपने नेक कार्यों से वह जन्नत में अपनी जगह पक्की कर लेगा। आप इसे यूं भी कह सकते हैं कि जो कुछ उसके पास आज है, कल भी उसके साथ रहेगा। यह आपके पहले सवाल का जवाब है।

फिर वे चलते हुए एक भिखारी के पास पहुंचे। उन्होंने देखा कि एक आदमी उसे कुछ खाने को दे रहा है और वह खाने का सामान उस भिखारी की जरूरत से कहीं ज्यादा है। तब बीरबल उस भिखारी से बोला, 'हम भूखे हैं, कुछ हमें भी दे दो खाने को।

यह सुनकर भिखारी बरस पड़ा, 'भागो यहां से। जाने कहां से आ जाते हैं मांगने।'

तब बीरबल बादशाह से बोला, 'यह रहा हुजूर आपके दूसरे सवाल का जवाब। यह भिखारी ईश्वर को खुश करना नहीं जानता। इसका मतलब यह है कि जो कुछ इसके पास आज है, वह कल नहीं रहेगा।'

दोनों फिर आगे बढ़ गए। उन्होंने देखा कि एक तपस्वी पेड़ के नीचे तपस्या कर रहा है। बीरबल ने पास जाकर उसके सामने कुछ पैसे रखे। तब वह तपस्वी बोला, 'इसे हटाओ यहां से। मेरे लिए यह बेईमानी से प्राप्त पैसा है। ऐसा पैसा मुझे नहीं चाहिए।'

अब बीरबल बोला, 'हुजूर! इसका मतलब यह हुआ कि अभी तो नहीं है लेकिन बाद में हो सकता है। आज यह तपस्वी सभी सुखों को नकार रहा है। लेकिन कल यही सब सुख इसके पास होंगे।'

और हुजूर! चौथी मिसाल आप खुद हैं। पिछले जन्म में आपने शुभ कर्म किए थे जो यह जीवन आप शानो-शौकत के साथ बिता रहे हैं, किसी चीज की कोई कमी नहीं। यदि आपने इसी तरह ईमानदारी और न्यायप्रियता से राज करना जारी रखा तो कोई कारण नहीं कि यह सबकुछ कल भी आपके पास न हो। लेकिन यह न भूलें कि यदि आप राह भटक गए तो कुछ साथ नहीं रहेगा।'

अपने सवालों के बुद्धिमत्तापूर्ण चतुराई भरे जवाब सुनकर बादशाह अकबर बेहद खुश हुए।

# बाल कहानी: ईमानदारी

विक्की अपने स्कूल में होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह को ले कर बहुत उत्साहित था। वह भी परेड में हिस्सा ले रहा था।

दूसरे दिन वह एकदम सुबह जग गया लेकिन घर में अजीब सी शांति थी। वह दादी के कमरे में गया, लेकिन वह दिखाई नहीं पड़ी।

माँ, दादीजी कहाँ हैं? उसने पूछा।

रात को वह बहुत बीमार हो गई थीं। तुम्हारे पिताजी उन्हें अस्पताल ले गए थे, वह अभी वहीं हैं उनकी हालत काफी खराब है।

विक्की एकाएक उदास हो गया।

उसकी माँ ने पूछा, क्या तुम मेरे साथ दादी जी को देखने चलोगे? चार बजे मैं अस्पताल जा रही हूँ।

विक्की अपनी दादी को बहुत प्यार करता था। उसने तुरंत कहा, हाँ, मैं आप के साथ चलूँगा। वह स्कूल और स्वतंत्रता दिवस के समारोह के बारे में सब कुछ भूल गया।

स्कूल में स्वतंत्रता दिवस समारोह बहुत अच्छी तरह संपन्न हो गया। लेकिन प्राचार्य खुश नहीं थे। उन्होंने ध्यान दिया कि बहुत से छात्र आज अनुपस्थित हैं।

उन्होंने दूसरे दिन सभी अध्यापकों को बुलाया और कहा, मुझे उन विद्यार्थियों के नामों की सूची चाहिए जो समारोह के दिन अनुपस्थित थे।

आधे घंटे के अंदर सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों की सूची उन की मेज पर थी। कक्षा छे की सूची बहुत लंबी थी। अतः वह पहले उसी तरफ मुड़े।

जैसे ही उन्होंने कक्षा छे में कदम रखे, वहाँ चुप्पी सी छा गई। उन्होंने कठारेतापूर्वक कहा, मैंने परसों क्या कहा था?

यही कि हम सब को स्वतंत्रता दिवस समारोह में उपस्थित होना चाहिए, गोलमटोल उषा ने जवाब दिया।

तब बहुत सारे बच्चे अनुपस्थित क्यों थे? उन्होंने नामों की सूची हवा में हिलाते हुए पूछा।

फिर उन्होंने अनुपस्थित हुए विद्यार्थियों के नाम पुकारे, उन्हें डाँटा और अपने डंडे से उनकी हथेलियों पर मार लगाई।

अगर तुम लोग राष्ट्रीय समारोह के प्रति इतने लापरवाह हो तो इसका मतलब यही है कि तुम लोगों को अपनी मातृभूमि से प्यार नहीं है। अगली बार अगर ऐसा हुआ तो मैं तुम सबके नाम स्कूल के रजिस्टर से काट दूँगा।

इतना कह कर वह जाने के लिए मुड़े तभी विक्की आ कर उन के सामने खड़ा हो गया।

क्या बात है?

महोदय, विक्की भयभीत पर दृढ़ था, मैं भी स्वतंत्रता दिवस समारोह में अनुपस्थित था, पर आप ने मेरा नाम नहीं पुकारा। कहते हुए विक्की ने अपनी हथेलियाँ प्राचार्य महोदय के सामने फैला दी।

सारी कक्षा साँस रोक कर उसे देख रही थी।

प्राचार्य कई क्षणों तक उसे देखते रहे। उनका कठोर चेहरा नर्म हो गया और उन के स्वर में क्रोध गायब हो गया।

तुम सजा के हकदार नहीं हो, क्योंकि तुम में सच्चाई कहने की हिम्मत है। मैं तुम से कारण नहीं पूछूँगा, लेकिन तुम्हें वचन देना होगा कि अगली बार राष्ट्रीय समारोह को नहीं भूलोगे। अब तुम अपनी सीट पर जाओ।





# एमी विजेता शो से जुड़ीं दीपिका पादुकोण?

दीपिका पादुकोण का नाम बॉलीवुड की सबसे सफल अभिनेत्रियों की सूची में शुमार है। साल 2024 में दीपिका इतिहास रचने को तैयार हैं, क्योंकि इस साल उनकी एक दो नहीं तीन बहुप्रतीक्षित फिल्में रिलीज होने वाली हैं। दो दिन बाद गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर दीपिका पादुकोण और ऋतिक रोशन अभिनीत पहली एक्शन एरियल फिल्म फाइटर बड़े पर्दे पर दस्तक देगी। फिल्म को लेकर फैंस का उत्साह चरम पर है। एडवांस बुकिंग मामले में यह मूवी शानदार प्रदर्शन कर रही है। इसी बीच दीपिका के फैंस के लिए एक और बड़ी खुशखबरी सामने आई है। बॉलीवुड के साथ ही अभिनेत्री हॉलीवुड में एक दफा फिर अपना जलवा बिखेरने वाली हैं। विन डीजल के साथ एक्सएक्सएक्स – रिटर्न ऑफ जेंडर केज जैसी परियोजनाओं की बदौलत दीपिका पादुकोण का अभिनय कौशल न केवल बॉलीवुड में बल्कि हॉलीवुड में भी प्रसिद्ध है। ऐसा लगता है कि दीपिका को एक और हॉलीवुड प्रोजेक्ट, सुपरहिट शो द व्हाइट लोटस मिल गया है। अफवाहें हैं कि दीपिका लोकप्रिय शो द व्हाइट लोटस के तीसरे सीजन में दिखाई देंगी। एमी विजेता इस शो की स्टार कास्ट में जेनिफर कूलिज, थियो जेम्स और ऑब्रे प्लाजा जैसे नाम शामिल हैं। अफवाहों के बीच, रेडिट पर एक स्क्रीनशॉट सामने आया, जो उनकी सास अंजू भवनानी का एक्स (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट था। शो में दीपिका की उपस्थिति की अफवाह के बारे में तीन पोस्ट को अकाउंट ने लाइक किया था। यह पोस्ट तेजी से माइक्रोब्लॉगिंग साइट पर वायरल हो रही है। रिपोर्ट्स पर प्रतिक्रिया देते हुए एक यूजर ने लिखा, अगर यह सच है तो मैं उनके लिए खुश हूं। दूसरे ने कहा, मेरा निष्कर्ष यह है कि उनकी सास कितनी सहायक हैं। ऐसे ससुराल वाले पाना हर किसी की किस्मत में नहीं होता।

रिपोर्ट पर प्रतिक्रियाओं की लड़ी लगी हुई है। एक व्यक्ति ने टिप्पणी की, क्या यह सच हो सकता है? उनकी एक छोटी सी भूमिका हो सकती है? एक अन्य ने कहा, वह केवल छोटी भूमिकाएं या कैमियो ही क्यों कर रही हैं? वह बहुत अच्छी अभिनेत्री ,हैं और मैं उन्हें स्क्रीन पर और अधिक अभिनय करते हुए देखना पसंद करूंगा। हालांकि, दीपिका और उनकी टीम ने अभी तक इस पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।



# विक्रमादित्य मोटवानी की फिल्म कंट्रोल मिलने पर बोलीं अनन्या - पूरा हुआ बड़ा सपना

खो गए हम कहां के बाद अनन्या पांडे अब अपनी अगली फिल्म के लिए तैयारी कर रही हैं। वे विक्रमादित्य मोटवानी द्वारा निर्देशित एक साइबर थ्रिलर में नजर आएंगी, जिसका अस्थायी नाम कंट्रोल है। अब हाल ही में दिए साक्षात्कार में उन्होंने फिल्म के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि जब फिल्म निर्माता ने पहली बार उनसे इस परियोजना का हिस्सा बनने के लिए कहा तो वे सदमे में थीं।

अनन्या ने खुलासा किया कि उन्हें विश्वास ही नहीं हो रहा कि उन्हें यह फिल्म मिल गई है। उन्होंने कहा, विक्रम सर के साथ काम करना वास्तव में एक सपना था, क्योंकि मैंने उड़ान अनगिनत बार देखी है। यह मेरी मां की पसंदीदा फिल्म है। मुझे लगता है कि जब वे मुझसे मिलना चाहते थे तो मैं सदमे में थी। शुरुआत करने के लिए जब मेरी टीम ने कहा कि विक्रम सर आपसे मिलना चाहते हैं तो मैंने कहा, क्यों? वे मेरे साथ काम करना चाहते हैं? और जब मैं उनसे मिली तो मैंने उनसे पूछा, क्या आप वाकई इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं? उन्होंने कहा, हां, मुझे यकीन है। इस वजह से मुझे यह समझने में कुछ समय लगा कि मैं विक्रम सर के साथ काम कर रही हूं।

## अभिनेत्री में आत्मविश्वास की कमी


अनन्या ने यह भी खुलासा किया कि वह कम आत्मविश्वास से पीड़ित हैं। उन्होंने कहा, मुझमें आत्म–विश्वास बहुत कम है। मैं सत्यापन चाहने वाली व्यक्ति हूं, इसलिए जब मैं सेट पर होती हूं, तब भी मुझे अपने निर्देशकों से 10 बार पुष्टि करने की आवश्यकता होती है कि शॉट ठीक था। मैं हमेशा कहती हूं कि क्या यह ठीक था? क्या मुझे एक और करना चाहिए? यहां तक कि जब कोई मेरे काम की प्रशंसा करता है या मेरी तारीफ करता है तो मेरी पहली प्रतिक्रिया होती है कि सच में? क्या आपको यकीन है? तो मेरे पास वह है, जिसे मैं बेहतर करने की कोशिश कर रही हूं। मैं नहीं जानती कि यह कहां से आता है। मुझे लगता है कि यह हमेशा मेरे व्यक्तित्व में रहा है।

## विक्रमादित्य मोटवानी की फिल्में

विक्रमादित्य मोटवानी ने 2010 की फिल्म उड़ान से निर्देशन शुरू किया और बाद में लूटेरा, ट्रैप्ड, भावेश जोशी सुपरहीरो और सेक्रेड गेम्स जैसी फिल्में बनाईं। उन्होंने हाल की फिल्म जुबली, एके वर्सेज एके का भी निर्देशन किया है। वहीं अब वे अपनी फिल्म कंट्रोल के लिए तैयार हैं।



# ओटीटी नहीं सिनेमाघरों में दस्तक देगी मैदान, आमने सामने होंगे अजय देवगन-अक्षय कुमार



अजय देवगन की फिल्म मैदान बीते लंबे समय से सुर्खियों में है। अमित शर्मा के निर्देशन में बनी इस फिल्म की रिलीज को कई दफा टाला जा चुका है। इसी बीच फिल्म का इंतजार कर रहे फैंस के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है। बीते दिन रिपोर्ट्स आई थीं कि अजय देवगन की इस फिल्म का प्रीमियर अब ओटीटी प्लेटफॉर्म पर होगा। हालांकि, निर्माताओं ने नए खुलासे से फैंस को खुश कर दिया है। फिल्म, बड़े पर्दे पर ही रिलीज होगी। इतना ही नहीं इसकी नई रिलीज डेट से भी पर्दा उठ गया है। बोनी कपूर और जी स्टूडियोज के जरिए निर्मित फिल्म मैदान में अजय देवगन एक कुशल भारतीय कोच सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका में नजर आने वाले हैं। रविवार को निर्माताओं ने दर्शकों को बड़ा तोहफा देते हुए फिल्म की नई रिलीज डेट का खुलासा कर दिया है। मैदान इस साल अप्रैल के महीने में ईद के मौके पर सिनेमाघरों में दस्तक दे रही है। इस तरह बॉक्स ऑफिस पर अजय देवगन की फिल्म का क्लैश अक्षय कुमार की फिल्म बड़े मियां छोटे मियां से होगा।



# रोहित शेट्टी ने खोली बॉलीवुड की पोल, कहा– स्टार्स अपने प्रतिद्वंदी कलाकर की करवाते हैं ट्रोलिंग

इन दिनों एक्शन फिल्में बनाने के लिए मशहूर रोहित शेट्टी चर्चा में हैं। उन्होंने वेव सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स से ओटीटी पर अपना धमाकेदार डेब्यू किया है। दर्शकों को यह सीरिज काफी पसंद आ रही है। इस सीरीज में सिद्धार्थ मल्होत्रा से लेकर विवेक ओबेरॉय और शिल्पा शेट्टी जैसे दिग्गज कलाकार अहम भूमिका निभा रहे हैं। रोहित शेट्टी अपने सीरीज के प्रमोशन में काफी व्यस्त हैं। पिछले दिनों रोहित ने बॉलीवुड सिनेमा और सिने स्टार्स की सोशल मीडिया पर होने वाली ट्रोलिंग के बारे में खुलकर मीडिया से बात की है।

## अभिनेता खुद करवाते हैं ट्रोलिंग

रोहित शेट्टी अपने बेबाक और निडर अंदाज के लिए जाने जाते हैं। पिछले दिनों उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान कई खुलासे किए। निर्देशक ने बताया, इन दिनों सोशल मीडिया पर जिस तरह से स्टार्स ट्रोल किए जाते हैं, वो काफी दुखद है। बॉलीवुड स्टार्स के फैन क्लब बने हुए हैं। इन्हीं क्लब्स के जरिए बहुत बार कई स्टार्स अपने प्रतिद्वंदी कलाकर की ट्रोलिंग करवाते हैं। मुझे इनमें से कई स्टार्स के नाम भी पता हैं क्योंकि मैं अपनी फिल्मों के लिए साइबर सेल से कई बार मिलता रहता हूं, लेकिन मैं इनके नाम का खुलासा नहीं करूंगा। मैं किसी का भी नाम नहीं लेना चाहता हूं।

## ट्रोलिंग के लिए फिक्स हैं रेट

इंडियन पुलिस फोर्स के निर्देशक आगे कहते हैं, ये एक्टर्स जानते हैं कि मुझे इनके बारे पता है, इसलिए वे कुछ बोल नहीं सकते हैं। ट्रोलिंग के लिए 1200 से 1500 रुपए का रेट फिक्स होता है। यही एक्टर्स अपने फैन क्लब को बताते हैं कि उस एक्टर की फिल्म आ रही है, अब उन्हें ट्रोल करना है, अब उन्हें गालियां देनी हैं।

## रोहित शेट्टी का वर्क फंट

रोहित शेट्टी इन दिनों 'इंडियन पुलिस फोर्स के प्रमोशन में व्यस्त हैं। दर्शकों को पुलिस फोर्स पर आधारित ये शो काफी पसंद आ रहा है। इस सीरीज से विवेक ओबेरॉय ने अपनी धमाकेदार वापसी की है। वहीं पुलिस ऑफिसर बनीं शिल्पा शेट्टी का लुक दर्शकों को काफी कमाल लग रहा है। इसके अलावा रोहित की आगामी फिल्मों में गोलमाल 5 और सिंघम 3 शामिल हैं।

# पैन इंडिया फिल्म का निर्माण करने की तैयारी में भंसाली, मार्च में कर सकते हैं एलान



संजय लीला भंसाली फिलहाल अपने बहुचर्चित प्रोजेक्ट हीरामंडी को लेकर व्यस्त चल रहे हैं। अभी इसे पोस्ट प्रोडक्शन का काम हो रहा है। इस बीच निर्देशक अपनी अगली फिल्म को लेकर भी चर्चा में हैं। कहा जा रहा है कि भंसाली एक मल्टी स्टारर फिल्म का निर्माण करने जा रहे हैं। इसका एलान वे मार्च में कर सकते हैं। ये फिल्म पैन इंडिया होगी।

## मार्च में होगा फिल्म का एलान?

संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज हीरमंडी रिलीज के लिए तैयार है। ये सीरीज नेटफ्लिक्स पर आएगी और इसी के साथ दिग्गज निर्देशक ओटीटी पर अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। हीरामंडी के पोस्ट–प्रोडक्शन काम के बीच भंसाली अपनी आगामी फिल्म की तैयारियों में जुट गए हैं। कहा जा रहा है कि वे मार्च 2024 तक आगामी फिल्म का एलान भी कर सकते हैं।

## पैन इंडिया स्तर पर बनेगी फिल्म

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक भंसाली एक मल्टी स्टारर प्रोजेक्ट की तैयारी कर रहे हैं। सूत्रों का कहना है, संजय लीला भंसाली की अगली फिल्म पैन इंडिया होगी। यह मल्टी स्टारर पैन इंडिया फिल्म हो सकती है, जिसे व्यापक स्तर पर बनाए जाने की तैयारी है। इस फिल्म को लेकर तरह–तरह की खबरें फैल रही हैं, हालांकि अभी तक किसी चीज को लेकर खुलासा नहीं हुआ है।

## हीरामंडी में नजर आएंगे ये सितारे

बात करें हीरामंडी की तो भंसाली इसके क्रिएटर और डायरेक्टर हैं। इसके लिए वे पहली बार नेटफ्लिक्स के साथ आए हैं। इस सीरीज में ऋचा चड्ढा, सोनाक्षी सिन्हा, मनीषा कोइराला, अदिति राव हैदरी और संजीदा शेख नजर आएंगे। हीरामंडी के अलावा भंसाली बैजू बावरा को लेकर भी लगातार चर्चा में हैं। लेकिन, एक एंटरटेनमेंट न्यूज पोर्टल की खबर के मुताबिक, संजय लीला भंसाली की फिल्म 'बैजू बावरा' ठंडे बस्ते में चली गई है, हालांकि भंसाली की कंपनी इस खबर को सही नहीं मानती है।



# कर्मा कालिंग में रवीना टंडन के साथ भिड़ती नजर आएंगी नम्रता शेठ

अमेजन प्राइम वीडियो की सीरीज गिल्टी माइंड्स के बाद अभिनेत्री नम्रता शेठ इस बार डिज्नी प्लस हॉटस्टार की सीरीज में कर्मा कालिंग में दमदार भूमिका में नजर आएंगी। इस सीरीज में कर्मा तलवार की भूमिका निभा रही नम्रता शेठ का कहना है कि इस भूमिका को हासिल करने के लिए उन्हें कड़ी प्रतिस्पर्धा से गुजरना पड़ा। इस सीरीज में उनका किरदार अभिनेत्री रवीना टंडन के किरदार इंद्राणी चौधरी के साथ भिड़ता नजर आएगा। वेब सीरीज कर्मा कॉलिंग के बारे में अभिनेत्री नम्रता शेठ कहती हैं, इस सीरीज में कर्मा तलवार की भूमिका के लिए मुझे कई दौर के ऑडिशन से गुजरना पड़ा क्योंकि यह एक ऐसी भूमिका थी जिसे मैं वास्तव में करना चाहती थी। कर्मा तलवार की ऐसी भूमिका है, जिसके साथ बहुत बुरा हुआ है, जिसका वह बदला लेना चाहती है। कर्म कभी माफ नहीं करता, कभी न कभी कर्म का फल सबको भुगतना पड़ता है। मुझे इस किरदार से बहुत जुड़ाव महसूस हुआ। जब सीरीज की डायरेक्टर रुचि नारायण मुझसे मिली, तो उन्हें तुरंत लगा कि मैं कर्मा तलवार हो सकती हूं। वेब सीरीज गिल्टी माइंड्स 2022 अप्रैल में रिलीज हुई थी और कर्मा कॉलिंग के लिए जून जुलाई में ऑडिशन दिया और अगस्त में इस शो के लिए फाइनल हुई थी काफी लम्बा ऑडिशन प्रोसेस था।

अभिनेत्री रवीना टंडन के साथ अपने काम करने के अनुभव को साझा करते हुए नम्रता सेठ कहती हैं, रवीना मैडम से हर छोटी सी छोटी चीज सीखने को मिली। उनके पास कई सालों का बड़ा अनुभव है। उनके लुक्स और अदाओं को देखना मेरे लिए बहुत ही अद्भुत अनुभव रहा है। गिल्टी माइंड्स में ज्यादातर हैंड हेल्ड शॉट थे। लेकिन इस शो में सही मार्क्स पर पहुंचकर अपने डायलॉग्स बोलने थे। डायलॉग का ध्यान रखती थी तो मार्क्स भूल जाती है और मार्क्स का ध्यान रखती थी तो डायलॉग्स भूल जाती थी, लेकिन रवीना मैडम ने धैर्य और पूरी सहजता से मेरा साथ दिया।

# आलिया भट्ट-रणबीर कपूर के साथ नजर आएंगे विक्की कौशल

संजय लीला भंसाली की अपकमिंग फिल्म लव एंड वॉर की ऑफिशियल अनाउंसमेंट हो चुकी है। ये एक मॉडर्न लव स्टोरी होने वाली है, जिसमें रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल अहम किरदारों में नजर आने वाले हैं। विक्की कौशल ने फिल्म पर कन्फर्मेशन देते हुए बताया है कि फिल्म अगले साल क्रिसमस के मौके पर रिलीज की जाएगी। विक्की कौशल ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया अकाउंट से फिल्म की ऑफिशियल अनाउंसमेंट करते हुए लिखा है, सिनेमा का इटरनल ड्रीम अब सच हो रहा है। विक्की कौशल के अलावा आलिया भट्ट और संजय लीला भंसाली की प्रोडक्शन टीम ने भी फिल्म का पोस्टर शेयर किया है, जिसमें लिखा है, हम पेश करते हैं संजय लीला भंसाली की एपिक सागा, लव एंड वॉर। क्रिसमस 2025 में मूवी में मिलते हैं। इस पोस्टर के साथ ये कन्फर्मेशन भी मिल चुका है कि फिल्म में रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल अहम किरदारों में हैं। इसमें तीनों स्टारकास्ट के सिग्नेचर दिए गए हैं। 6 साल बाद साथ आ रहे हैं आलिया–विक्की फिल्म लव एंड वॉर आलिया भट्ट और विक्की कौशल की दूसरी फिल्म होने वाली है। इससे पहले दोनों साल 2018 की फिल्म राजी में साथ नजर आ चुके हैं। वहीं ये रणबीर आलिया की भी साथ में दूसरी फिल्म होगी। इससे पहले दोनों ब्रह्मास्त्र: पार्ट 1 में साथ नजर आ चुके हैं।



## यूक्रेन के प्रधानमंत्री ने भारत से लगाई गुहार, छात्रों को वापस पढ़ने भेजें

नई दिल्ली। यूक्रेन के प्रधानमंत्री ने भारत से अनुरोध किया है कि वह युद्धग्रस्त देश में अपने छात्रों को पढ़ाई पूरी करने के लिए वापस भेज दें। ताकि यूक्रेन की वित्तीय हालत में सुधार हो सके। बता दें कि साल 2022 में जब रूस और यूक्रेन के बीच जंग शुरू हुई थी, तब बड़ी संख्या में भारतीय स्टूडेंट यूक्रेन में फंस गए थे। भारत से हर साल हजारों छात्र यूक्रेन में मेडिकल की पढ़ाई करने के लिए जाते हैं। युद्ध शुरू हुए दो साल बीतने को हैं। अब फिर से यूक्रेन के पीएम डेनिस शिमहल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से एक गुहार लगाई है। पीएम मोदी को वैश्विक नेता' करार देते हुए उन्होंने भारत से अनुरोध किया कि वह युद्धग्रस्त देश में अपने छात्रों को पढ़ाई पूरी करने के लिए वापस भेज दें। मी?डिया को दिए इंटरव्यू में यूक्रेन के पीएम ने भारत को यूक्रेन के सबसे बड़े आर्थिक साझेदारों में से एक बताया और उन्हें मानवीय सहायता प्रदान करने के लिए पीएम मोदी की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी एक वैश्विक नेता हैं, जो विश्व शांति के लिए काम कर रहे हैं। यूक्रेन का एक बड़ा हिस्सा अब शांतिपूर्ण है और मैं भारत से अनुरोध करूंगा कि वह पहले की तरह छात्रों को भेजकर हमें आर्थिक मदद में अपनी ओर से सहयोग करे। 2022 में भारत ने यूक्रेन में फंसे भारतीयों को वापस लाने के लिए 'ऑपरेशन गंगा' के तहत छात्रों सहित लगभग 18,000 भारतीय नागरिकों को यूक्रेन से निकाला था। वहीं युद्ध में उलझे यूक्रेन की अर्थव्यवस्था को भारी नुकसान हुआ है। अर्थव्यवस्था में आई 30 प्रतिशत की गिरावट बीते 30 वर्षों में सबसे बड़ी गिरावट है। भारत को 75वें गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए, यूक्रेनी के प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत जिस तेजी से आगे बढ़ रहा है वो काबिले तारीफ है। इसीहाल ने यह भी कहा कि यूक्रेन यूरोपीय संघ और नाटो का हिस्सा बनने के लिए काम भी करेगा। उन्होंने अन्य देशों को युद्ध रोकने के लिए रूस पर दबाव डालने की बात भी कही।

## दिल्ली एयरपोर्ट की सुरक्षा में सेंध, रन-वे पर खड़ा हो गया शख्स

नई दिल्ली। इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था में एक बार फिर सेंधमारी हो गई। यहां रनवे पर विमान उड़ने ही वाला था कि उसके सामने एक शख्स आकर खड़ा हो गया। गनीमत रही कि चालक ने विमान को रोक लिया। इससे पहले भी बीते दिनों, एक शख्स डिजी यात्रा सिस्टम में सेंध लगाकर एयरोब्रिज तक पहुंचने में कामयाब हो गया था। वहीं, अब एक शख्स उड़ान भरने को तैयार एक विमान के सामने आकर खड़ा हो गया। गनीमत रही कि सही समय पर विमान के पायलट की नजर इस शख्स पर पड़ गई और बिना किसी देरी के विमान को रोक लिया गया। नहीं तो आज रन-वे पर खड़े इस शख्?स के साथ विमान में बैठे सैकड़ों मुसाफिरों की जिंदगी दांव पर लग जाती। एयरपोर्ट सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार देर रात्रि करीब 11:50 बजे एयर इंडिया का एक विमान उड़ान भरने के लिए आगे बढ़ने ही वाला था, तभी पायलट को रन-वे पर कोई शख्?स टहलता हुआ नजर आया। सैकड़ों मुसाफिरों की सुरक्षा को ध्?यान में रखते हुए पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगाकर विमान को वहीं रोक लिया। इसके बाद, पायलट ने रन-वे पर टहल रहे इस शख्स की जानकारी एयर ट्रैफिक कंट्रोल को दी। एटीसी ने इसके लिए एयरपोर्ट ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर को मामले की जानकारी देते हुए रन-वे क्लियर कराने को कहा। सूचना मिलते ही एओसीसी ने एयरसाइड पर मौजूद फॉलो-मी व्हिकल और सीआईएसएफ की क्विक एक्शन टीम रन-वे पर पहुंची। सुरक्षाकर्मियों को पता चला कि यह शख्स शराब के नशे में बुरी तरह से धुत था। लंबी जद्दोजहद के बाद सुरक्षाकर्मियों ने इस युवक पर काबू पाया और टर्मिनल बिल्डिंग में लाए। इस पूरी कवायद में करीब 20 से 25 मिनट का समय लग गया। रन-वे क्लियर होने के बाद एयर इंडिया का विमान उड़ान के लिए आगे बढ़ गया। वहीं, टर्मिनल पर पहुंचने के बाद इस शख्स से पूछताछ में युवक की पहचान इमाम के रूप में हुई है। आरोपी हरियाणा के नूह का रहने वाला है। उसने बताया वह एयरपोर्ट की चारदीवारी फांदकर एयर साइट में दाखिल हुआ था। एयरपोर्ट पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।

## मुस्लिम देश इंडोनेशिया की करेंसी में आज भी भगवान गणेश विराजमान

नई दिल्ली। भारत के मुस्लिम पड़ोसी देश इंडोनेशिया की करेंसी में भगवान गणेश की छवि विराजमान है। बता दें कि इंडोनेशिया दुनिया का सबसे ज्यादा मुस्लिम आबादी वाला देश है। यहां की कुल आबादी में करीब 87 फ़ीसदी मुसलमान हैं और इनकी संख्या करीब 23 करोड़ के आसपास है। इंडोनेशिया भले ही सर्वाधिक मुस्लिम आबादी वाला देश हो और इस्लाम को मानता हो, लेकिन लंबे वक्त तक हिंदुओं के आराध्य भगवान गणेश ने इस देश को सहारा दिया है। यहां पर भगवान गरुण का दबदबा तो आज भी कायम है। जानकारी के अनुसार इंडोनेशिया की करेंसी को रुपैया के नाम से जाना जाता है और 20 हजार की करेंसी पर भगवान गणेश की तस्वीर छप चुकी है। इस नोट को छापने की शुरुआत साल 1998 में हुई थी। नोट पर एक तरफ भगवान गणेश तो दूसरी तरफ इंडोनेशिया के स्वतंत्रता सेनानी हजार देवेंत्रा की तस्वीर छपी है। इंडोनेशिया में भगवान गणेश को कला, विज्ञान और शिक्षा का प्रतीक माना जाता है। जिस वक्त भगवान गणेश की तस्वीर करेंसी पर छापने का फैसला लिया गया था, उस वक्त इंडोनेशिया की अर्थव्यवस्था बुरे दौर से गुजर रही थी। बताया जा रहा है इंडोनेशिया को इस करेंसी ने काफी सहारा दिया। हालांकि इंडोनेशिया, अब भगवान गणेश की तस्वीर वाली करेंसी छापना बंद कर चुका है। साल 2008 में आखिरी बार इस करेंसी की छपाई हुई थी, लेकिन ये नोट 2018 तक चलन में थे। एक और दिलचस्प बात यह है कि इंडोनेशिया की सरकारी विमान कंपनी का नाम गरुण एयरलाइंस है। जो कि पवित्र गरुड़ पक्षी के नाम पर रखा गया है। हिंदू धर्म में भी गरुड़ देवता की पूजा की जाती है। आपको बता दें कि इंडोनेशिया में करीब 1.69 फीसदी हिंदू आबादी भी रहती है। जिसमें से लगभग 90 फ़ीसदी आबादी अकेले बाली में रहती है। इंडोनेशिया के धार्मिक मामलों के मंत्रालय के मुताबिक देश में कुल 87.02प्र. मुसलमान जिसमें 99 फीसदी सुन्नी, 7.43 प्रतिशत ईसाई, 1.69 प्रतिशत हिंदू, .073 प्रतिशत बौद्ध और बाकी अन्य धर्मों के लोग रहते हैं।

## चेतावनी : पश्चिमी विक्षोभ से हो सकती है पहाड़ों पर भारी बर्फबारी

नई दिल्ली। मौसम केन्द्र ने चेतावनी देते हुए कहा है कि पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में रविवार से लगातार दो विक्षोभों के प्रभाव से इस मौसम की पहली भारी बर्फबारी होने की संभावना है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने शनिवार को यह जानकारी दी। बता दें कि सर्दी के इस मौसम में पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में पर्वत की चोटियों पर बर्फ पर वो नजारा नहीं दिखा जो आमूमन हर वर्ष होता है। आईएमडी ने इसके लिए सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ की कमी को जिम्मेदार ठहराया है। पश्चिमी विक्षोभ भूमध्यसागरीय क्षेत्र में उत्पन्न होता है और इससे उत्तर पश्चिम भारत में बेमौसम वर्षा आती है। सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ की कमी को मौजूदा अल-नीनो स्थितियों के लिए भी जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। बता दें कि अल-नीनो स्थिति मध्य प्रशांत महासागर में सतही जल का असामान्य रूप से गर्म होना है। इस मामले में लद्दाख के लेह में मौसम विज्ञान केंद्र के प्रमुख सोनम लोटस ने कहा कि वर्षा की कमी से हिमालय क्षेत्र में ताजे पानी की उपलब्धता पर असर पड़ने की आशंका है। जिससे बागवानी और खेती-बाड़ी बुरी तरह से प्रभावित होगी। आईएमडी ने अलर्ट जारी करते हुए कहा कि एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ के रविवार से पश्चिमी हिमालय क्षेत्र के मौसम पर असर पड़ सकता है और एक अन्य विक्षोभ के 31 जनवरी से इस क्षेत्र एवं उत्तर-पश्चिम भारत के आसपास के मैदानी इलाकों के मौसम को प्रभावित करने की संभावना है। इन स्थितियों के कारण 28 जनवरी से 31 जनवरी के बीच जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा या बर्फबारी होने की संभावना है। वहीं 31 जनवरी से दो फरवरी तक उत्तराखंड में हल्की या मध्यम छिटपुट बारिश या बर्फबारी और पंजाब, चंडीगढ़, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हल्की बारिश होने की संभावना बन रही है।

## अमेठी में 2 लाख से ज्यादा लोगों को रामलला के दर्शन करवाएंगी स्मृति ईरानी

अमेठी। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी अमेठी में 2 लाख से ज्यादा लोगों को रामलला के दर्शन करवाएंगी। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री स्मृति ईरानी अपने संसदीय क्षेत्र अमेठी के दो लाख से अधिक लोगों को अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम के दर्शन करवाएंगी। उनके प्रतिनिधि ने बताया कि इसके साथ ही तीन लाख से अधिक घरों तक प्रभु श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा का प्रसाद पहुंचाने का लक्ष्य सुनिश्चित कर घर-घर प्रसाद पहुंचाने का काम शुरू कर दिया गया है। मंत्री के प्रतिनिधि विजय गुप्ता कहा कि अमेठी की सांसद स्मृति ईरानी के निर्देश पर उत्थान सेवा संस्थान द्वारा अमेठी संसदीय क्षेत्र के 3 लाख परिवारों तक प्रभु श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा का प्रसाद पहुंचाने का काम शुरू कर दिया गया है।

# दो दिन के विश्राम के बाद अब बंगाल में चलेगा 'डोनेट फॉर न्याय' अभियान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दो दिन के विश्राम के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा रविवार को पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले से फिर से शुरू हो गई। बता दें कि यह यात्रा मणिपुर की राजधानी इंफाल से 14 जनवरी को आरंभ हुई थी। यह यात्रा असम से बृहस्पतिवार सुबह पश्चिम बंगाल में दाखिल हुई थी और दो दिन के विश्राम के दौरान राहुल गांधी नयी दिल्ली लौट गए थे।

कांग्रेस की राज्य इकाई के नेता शुभंकर सरकार ने कहा कि राहुल गांधी पूर्वाह्न साढ़े 11 बजे सिलीगुड़ी के बागडोगरा हवाई अड्डे पर पहुंचे। इसके बाद वह जलपाईगुड़ी पहुंचे जहां से यात्रा फिर से शुरू हो रही है। उन्होंने बताया कि न्याय यात्रा रात में सिलीगुड़ी के पास रुकेगी। यह यात्रा सोमवार को उत्तर दिनाजपुर जिले के इस्लामपुर की ओर जाएगी और फिर बिहार में प्रवेश करेगी। यात्रा 31 जनवरी को मालदा के रास्ते पश्चिम बंगाल में फिर से प्रवेश करेगी और फिर मुर्शिदाबाद से होते हुए एक फरवरी को राज्य से रवाना होगी। इस बार की यात्रा का आकर्षण 'डोनेट फॉर न्याय' अभियान होगा, जिसमें क्यूआर कोड को स्कैन करके प्रति किलोमीटर एक पैसा न्यूनतम की सहायता राशि दान दी जा सकेगी।

बता दें कि इसमें सहायता के अनुरूप राहुल गांधी के हस्ताक्षर वाली टी-शर्ट से लेकर एक भव्य किट तक शामिल है, जो कि 67,000 से ज्यादा की सहायता राशि पर प्रमाणपत्र सहित एआईसीसी की ओर से दी जाएगी। इधर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि पार्टी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा के लिए सुचारू मार्ग और राहुल गांधी एवं अन्य नेताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उचित निर्देश दिए जाएं। कांग्रेस ने पहले आरोप लगाया था कि जलपाईगुड़ी में गांधी की तस्वीर वाले कुछ बैनर फाड़े गए। कांग्रेस की राज्य इकाई के अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने भी राज्य में यात्रा के दौरान जनसभाएं आयोजित करने की अनुमति हासिल करने में बाधाएं आने पर चिंता जताई है।

न्याय यात्रा के पश्चिम बंगाल में प्रवेश करने से एक दिन पहले मुख्यमंत्री बनर्जी ने कहा था कि उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस राज्य में विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) के घटक के तौर पर नहीं बल्कि अकेले लोकसभा का चुनाव लड़ेगी। बता दें कि कांग्रेस की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा 6,713 किलोमीटर की दूरी तय करेगी और 15 राज्यों के 110 जिलों से होते हुए 20 या 21 मार्च को मुंबई में पहुंचकर समाप्त होगी।

## निवेश जुटाने 12 दिवसीय विदेश यात्रा पर रवाना हुए सीएम स्टालिन

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन 12 दिवसीय विदेश यात्रा पर रवाना हो गए। बता दें कि सीएम स्टालिन प्रदेश को 2030 तक एक खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को हासिल करने वाले हैं, इसके लिए वह शनिवार रात विदेश रवाना हो गए। सीएम स्टालिन अपने लगभग 12 दिवसीय दौरे के दौरान, तमिलनाडु को सर्वोत्तम निवेश स्थल के रूप में प्रदर्शित करके प्रदेश में निवेशकों को लुभाने के लिए स्पेन और अन्य देशों का दौरा करेंगे। सीएम स्टालिन की यात्रा इस महीने की शुरुआत में ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट के सफल आयोजन की पृष्ठभूमि में हो रही है, जिसके दौरान एक खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करने के एवज में लगभग 600 समझौता



ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए थे। उन्होंने हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि वह स्पेन की यात्रा पर जा रहे हैं और सात फरवरी को वापस चेन्नई लौटेंगे। उन्होंने कहा कि पिछली दो विदेश यात्राओं के दौरान 7,442 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित किया गया और 17,000 से अधिक लोगों को रोजगार मिला। सीएम स्टालिन ने कहा कि इन दौरों के दौरान हस्ताक्षरित एमओयू को आकार दिया गया है और निवेशकों ने राज्य में अपना कार्य स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि वह यूरोपीय देशों में निवेशकों को जरूर लुभाएंगे और उद्योगपतियों के साथ बैठकें और बातचीत करके राज्य के लिए बड़े पैमाने पर निवेश सुनिश्चित करने के लिए पहल करेंगे।

# देश में बहुत हैं आया राम, गया राम जैसे लोग: खड़गे

### -नीतीश के महागठबंधन छोड़ने पर विफरा विपक्ष

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नीतीश कुमार ने एक बार फिर पलटी मारी और महागठबंधन छोड़ पहले मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया और एनडीए के साथ मिल पुन~सीएम बनने का दावा पेश कर दिया। नीतीश के यूं पाला बदलने पर विपक्ष ने जबरदस्त हमला बोला है और उन्हें पलटू राम से लेकर आया राम गया राम की संज्ञा दे डाली है। विपक्षी दलों के नेताओं ने नीतीश की आलोचना करते हुए निशाना साधा है।

इसी कड़ी में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि जब हमारी बात तेजस्वी और लालू जी से हुई तभी उन्होंने बतलाया था कि नीतीश जी महागठबंधन से जा सकते हैं, इसलिए अब हमको और आपको मिलकर लड़ना होगा। इसी बीच खड़गे ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, कि देश में आया राम-गया राम जैसे कई लोग हैं।... बात हमें पहले से ही पता थी, लेकिन इंडिया गठबंधन को बरकरार रखने के लिए हमने कुछ नहीं कहा। उन्होंने आगे कहा है कि यदि हम कुछ गलत कहेंगे तो संदेश गलत जाएगा। वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा, कि बार-बार राजनीतिक साझेदार बदलने वाले नीतीश कुमार ने रंग बदलने में गिरगिटों को कड़ी टक्कर दे दी है। इस विश्वासघात के विशेषज्ञ और उन्हें इशारों पर नचाने वालों को बिहार की जनता कभी माफ नहीं करेगी। इनके अलावा शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट की नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने भी नीतीश पर निशाना साधा है। इसके साथ ही उन्होंने नीतिश व शाह के पुराने बयानों को भी साझा किया जिसमें उन्होंने एक दूसरे पर जमकर निशाना साधा था। दरअसल तब



नीतीश ने पलटते हुए कहा था कि, मर जाना कबूल है, उनके साथ जाना कबूल नहीं है. ये अच्छी तरह जान लीजिये ! इस पर तब गृह मंत्री अमित शाह ने भी कहा था कि पलटूराम ने जनादेश का अपमान किया है। अरे पलटू बाबू, कुछ तो लिहाज रखो। छठ मैया से प्रार्थना करता हूं कि पलटू राम से मुक्त हो बिहार। नीतीश कुमार के लिए बीजीपी के दरवाजे बंद।

## ऑफर की आंधी में नहीं डगमगाए मांझी, आखिरकार लगा ही ली नैया पार



**पटना (एजेंसी)।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी सियासी चौपाल पर सबसे बड़े खिलाड़ी माने जा रहे हैं। उन्हे किसी ने उपमुख्यमंत्री का लालच दिया तो किसी ने सभी को मंत्री बनाने की बात कही लेकिन मांझी ने एनडीए का हाथ नहीं छोड़ा। उन्हे पता था कि आने वाले समय में कोई कुछ भी बने लेकिन सत्ता की मलाई उनके बराबर किसी को नहीं मिलने वाली। मांझी के कुल 4 विधायक हैं जिसमें में दो को मंत्री बनवाने में मांझी सफल हो सकते हैं।

बिहार में सियासी हलचल मची हुई है। माना जा रहा है कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एक बार फिर से बीजेपी के साथ सरकार बना सकते हैं। यह लगभग अब तय भी हो चुका है, क्योंकि आरजेडी के मंत्रियों ने कामकाज लगभग खत्म कर दिया है। तेजस्वी यादव ने खुद सारी फाइलें सचिवालय लौटा दी हैं। इस पूरे घटनाक्रम में हिंदुस्तान आवाम मोर्चा के प्रमुख जीतनराम मांझी की मौज आई है।जीतनराम मांझी के पास चार विधायक हैं। जीतनराम मांझी भी खुद विधायक हैं और उन्होंने एनडीए में बने रहने के लिए अब एक शर्त रख दी है। जीतनराम मांझी ने नई सरकार में दो मंत्री पद की मांग की है। यह संख्या के हिसाब से 50 फीसदी हुआ है।

जीतनराम मांझी ने शनिवार शाम अपने घर पर विधायक दल की बैठक बुलाई और इस बैठक में उन्होंने कहा कि जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं, वहीं पर हमारी पार्टी भी है। उन्होंने कहा कि हम पीएम मोदी के साथ हैं लेकिन इसके साथ ही उन्होंने दो मंत्री पद की मांग भी कर दी।जब यह घटनाक्रम शुरू हुआ उसके बाद कांग्रेस ने जीतनराम मांझी से संपर्क कर उन्हें इंडिया गठबंधन में शामिल होने का ऑफर दिया। बताया जाता है कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने खुद जीतनराम मांझी से बात की। लेकिन मांझी एनडीए के साथ बने हुए हैं। इसके पहले खबर थी कि आरजेडी ने भी जीतनराम मांझी से बात की है। आरजेडी प्रमुख लालू यादव ने जीतनराम मांझी को उपमुख्यमंत्री पद का ऑफर दिया और अपने साथ आने को कहा, लेकिन मांझी ने ये ऑफर भी ठुकरा दिया।बिहार की राजधानी पटना में जीतनराम मांझी के समर्थन में उनके समर्थकों ने पोस्टर भी लगाए हैं। पोस्टर पर लिखा है, 'बिहार में बहार है, बिन मांझी सब बेकार है।

## भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने के विरोध में उतरा जनजातीय संगठन

चुराचांदपुर। मणिपुर के चुराचांदपुर जिले के एक जनजातीय संगठन ने भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने का कड़ा विरोध ?किया है। संगठन ने कहा कि वह भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने के केंद्र के फैसले का विरोध करेगा। इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम (आईटीएलएफ) ने एक बयान में कहा कि संगठन ने जिला मुख्यालय में स्थानीय लोगों के साथ शनिवार को एक सभा का आयोजन किया था। इस दौरान भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाने और दोनों देशों के बीच मुक्त आवागमन व्यवस्था को रद्द करने के केंद्र के फैसले का विरोध करने का संकल्प लिया गया। दरअसल मुक्त आवागमन व्यवस्था सीमा के दोनों ओर रहने वाले लोगों को बिना वीजा के एक-दूसरे के क्षेत्र में 16 किलोमीटर तक की यात्रा करने की अनुमति देती है। इसमें भारत के चार राज्य- अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर और मिजोरम, म्यांमा के साथ 1,643 किलोमीटर लंबी सीमा के दायरे में आते हैं। संगठन के बयान में कहा गया कि आईटीएलएफ ने कुकी जो समुदाय के लोगों के राजनीतिक भविष्य के लिए मिजोरम सरकार से मुलाकात करने का भी फैसला किया।

## डोभाल से बात होते ही कनाडा बोला- हां निज्जर मर्डर की जांच में सहयोग दे रहा है भारत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** निज्जर हत्या कांड की जांच के मामले में कनाडा के सुर बदल गए है। पहले कहता था कि भारत जांच् में सहयोग नहीं कर रहा है,अब कहने लगा है कि भारत पूरा पूरा सहयोग कर रहा है। बता दें कि कनाडा ने आरोप लगया था कि खालिस्तान अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों का हाथ है। हालांकि, इस मामले में उसने कोई सबूत नहीं दिए। साथ ही भारत पर जांच में सहयोग नहीं करने का आरोप लगाया था। अब हालांकि उसके सुर बदल गए हैं। कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जोडी थॉमस ने कहा कि भारत अब जांच में सहयोग कर रहा है। आपको बता दें कि कनाडा के सुर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ चर्चा के बाद बदली है।

खबर है कि दोनों देशों के एनएसए के बीच हुई चर्चा के दौरान इस विषय पर भी बात हुई। इसके बाद थॉमस ने दोनों देशों के बीच संबंधों के महत्व को रेखांकित किया और कहा कि इंडो-पैसिफिक में काम करने की कनाडा की क्षमता भारत के साथ स्वस्थ संबंध रखने पर निर्भर करती है। भारत अब तक आधिकारिक तौर पर कहता रहा है कि कनाडा ने अपने दावे के समर्थन में कभी कोई सबूत या जानकारी साझा नहीं की कि भारतीय एजेंट हत्या से जुड़े थे। जबकि भारत ने एक अन्य खालिस्तान अलगाववादी गुरपतवंत पन्नून की हत्या की साजिश में एक भारतीय अधिकारी की इसी तरह की संलिप्तता के बारे में अमेरिका द्वारा साझा की गई जानकारी के आधार पर जांच शुरू की है। लेकिन भारत ने अब तक कनाडाई मामले में किसी भी जांच की घोषणा नहीं की है।

रिटायरमेंट के दिन थॉमस ने कहा कि पन्नू की हत्या की साजिश रचने में एक भारतीय नागरिक पर अमेरिका में केस चल रहा है। उनका दावा है कि इस जानकारी से निज्जर मुद्दे पर कनाडा को मदद मिलेगी।थॉमस ने कहा, मैं उन्हें सहयोग नहीं करने वाला नहीं कहूंगा। हमने उनके साथ रिश्ते में प्रगति की है और वे समझते हैं कि हम क्या मानते हैं। आरसीएमपी जांच चल रही है और उम्मीद है कि वे जिम्मेदार और जवाबदेह लोगों पर मुकदमा चलाने में सक्षम होंगे। सीटीवी को दिए अपने साक्षात्कार में थॉमस ने कहा कि भारत, विशेष रूप से एनएसए अजीत डोभाल इस मुद्दे को सुलझाने के लिए कनाडा के साथ काम कर रहे हैं।

# केन्द्र ने बकाया नहीं दिया तो टीएमसी के साथ ममता बनर्जी करेंगी प्रदर्शन

### -सरकार को दिया 7 दिनों का अल्टीमेटम, केन्द्रीय निधि जारी करने की मांग

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार को बकाया जारी करने खुली चुनौती दी है। उन्होंने केंद्र को सभी बकाया राशि का भुगतान करने के लिए सात दिन का अल्टीमेटम दिया। इस मौके पर ममता बनर्जी ने कहा कि ऐसा न होने की स्थिति में पार्टी बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू करेगी। गौरतलब है कि ममता बनर्जी ने यह टिप्पणी 75वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजभवन में एक कार्यक्रम के दौरान की। उन्होंने कहा कि 'अगर केंद्र सरकार ने निधि जारी नहीं की तो टीएमसी के लोग बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू करेंगे।' गौरतलब है ?कि पश्चिम बंगाल सरकार के आंकड़ों के मुताबिक, केंद्र पर राज्य का पीएमएवाई के तहत 9,330 करोड़ रुपये, मनरेगा के तहत 6,900 करोड़ रुपये, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत 830 करोड़ रुपये, पीएम ग्राम सड़क योजना के तहत 770 करोड़ रुपये, स्वच्छ भारत मिशन के तहत 350 करोड़ रुपये बकाया है।

इसी तरह मध्याह्न भोजन के तहत 175 करोड़ रुपये के साथ ही अन्य योजनाओं का भी बकाया शामिल है। इस मामले को लेकर सीएम ममता बनर्जी ने 20 दिसंबर को पीएम नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करके लंबित केंद्रीय निधि के मुद्दे पर चर्चा की थी। ममता ने पीएम मोदी से मुलाकात के बाद कहा कि आवास योजना की स्कीम बंद कर दी गई। फाइनेंस कमीशन का भी पैसा नहीं मिल रहा है। हम पहले भी तीन बार पीएम मोदी से मिल चुके हैं। हालांकि आज



पीएम ने कहा है कि हमारे ऑफिसर और आपके ऑफिसर मिलकर बात करेंगे। पीएम ने ध्यान से मेरी बात सुनी है। वहीं अब एक बार फिर से ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार को सात दिन का अल्टीमेटम दिया है। ऐसे में केंद्र सरकार के रुख पर सभी का ध्यान जा रहा है।

## शिक्षा मंत्री ने दी शिक्षकों को कड़ी चेतावनी, संभल जाएं अन्यथा बुलडोजर चलेगा

कोटा। राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने ?शिक्षकों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है ?कि संभल जाएं अन्यथा बुलडोजर चलवा ?दिया जाएगा। ?शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा है कि गलत आचरण करने वाले शिक्षकों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उनको न केवल बर्खास्त किया जाएगा बल्कि उसके बाद उनकी संपत्ति पर बुलडोजर भी चलेगा। इस समय दिलावर का यह बयान सोशल मीडिया में खासा चर्चा में बना हुआ है। दिलावर ने शिक्षा मंत्री का पदभार संभालने के बाद कई ऐसे बयान दिए हैं जो चर्चा में हैं। ?मिली जानकारी के अनुसार शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने शनिवार को कोटा में एक सरकारी स्कूल के कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान शिक्षकों के आचरण को लेकर साफ हिदायत दी है। दिलावर ने हाल ही में गणतंत्र दिवस पर नागौर के परबतसर में हुई घटना का जिक्र करते हुए कहा कि जिन शिक्षकों का आचरण शिक्षा विभाग को शर्मसार करेगा उन्हें किसी भी कीमत पर नहीं बख्शेंगे। उन्होंने कहा कि वे ऐसे शिक्षकों को नहीं छोड़ेंगे, साथ ही ऐसे शिक्षकों के सिफारिश करने वाले अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई होगी।

# कोविड महामारी में एक विकासवादी परिवर्तन है जेएन.1 वायरस

### -डब्ल्यूएचओ भी इसे अगले संस्करण के रूप में दे सकता है मान्यता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जेएन.1 वैरिएंट को कोविड महामारी में एक विकासवादी परिवर्तन के रूप में देखा जा रहा है। इसे शायद डब्ल्यूएचओ भी चिंताजनक बता सकता है। बता दें कि अगस्त 2023 में पता चलने के बाद से, कोविड का जेएन.1 वैरिएंट व्यापक रूप से फैल गया है। यह ऑस्ट्रेलिया और दुनिया भर में प्रभावी हो गया है, जिससे कम से कम पिछले वर्ष कई क्षेत्रों में सबसे बड़ी कोविड लहर देखी गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने दिसंबर 2023 में जेएन.1 को ध्यान दिए जाने योग्य प्रकार के रूप में बताया और जनवरी में कहा कि कोविड एक निरंतर बना रहने वाला वैश्विक स्वास्थ्य खतरा है जो दीर्घकालिक स्वास्थ्य परिणामों की चिंताजनक क्षमता के साथ बीमारी का कारण बन रहा है। जेएन.1 महत्वपूर्ण है। सबसे पहले एक रोगज़नक़ के रूप में यह सार्स-कोव-2 का आश्चर्यजनक रूप से नया संस्करण है और तेजी से अन्य परिसंचारी उपभेदों (ओमिक्रोन एक्सबीबी) की जगह ले रहा है।

डब्ल्यूएचओ ने कहा कि यह कोविड के विकास के बारे में जो कहता है, उसकी वजह से भी महत्वपूर्ण है। आम तौर पर, सार्स-कोव-2 वेरिएंट काफी हद तक पहले के समान दिखते हैं, एक समय में केवल कुछ उत्परिवर्तन जमा करते हैं जो वायरस को अपने मूल वायरस पर सार्थक लाभ देते हैं। हालाँकि, कभी-कभी, जैसा कि तब हुआ था जब दो साल पहले ओमिक्रॉन (बी.1.1.529) सामने आया था, ऐसे वेरिएंट अचानक सामने आते हैं जिनकी पहले की तुलना में स्पष्ट रूप से भिन्न विशेषताएं होती हैं। इसका रोग और संचरण पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। अब तक, यह स्पष्ट नहीं था कि यह चरण-परिवर्तन विकास फिर से होगा, विशेष रूप से लगातार विकसित हो रहे ओमिक्रॉन वेरिएंट की चल रही सफलता को देखते हुए। हालांकि जेएन.1 इतना अलग है और नए संक्रमणों की ऐसी लहर पैदा कर रहा है कि कई लोग सोच रहे हैं कि क्या डब्ल्यूएचओ को जेएन.1 को चिंता के अगले संस्करण के रूप में मान्यता देनी पड़ेगी। कहा तो यह भी जा रहा है कि किसी भी स्थिति में, जेएन.1 के साथ हम महामारी के एक नए चरण में प्रवेश कर चुके हैं। सामाजिक और व्यक्तिगत स्तर पर हमें संक्रमण की लहर दर लहर स्वीकार करने के जोखिमों पर फिर से विचार करने की जरूरत है। कुल मिलाकर, यह कम से कम दबाव के साथ, कोविड संचरण और प्रभावों को कम करने के लिए व्यापक रणनीतियों के महत्व को बता सकते है। लोगों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी और अपने आसपास के लोगों की सुरक्षा के लिए सक्रिय कदम उठाते रहें। उभरते खतरों को देखते हुए बेहतर महामारी संबंधी तैयारियों और मौजूदा खतरों के प्रति सजगता जरूरी है।

## 12,000 की आबादी वाले देश तुवालु के चुनाव पर क्यों हैं अमेरिका और चीन की नजर

नई दिल्ली ।दुनिया के सबसे प्राकृतिक रूप से सुंदर देशों में शामिल तुवालु केवल 12,000 निवासियों वाला एक द्वीप देश है।लेकिन एक छोटे प्रशांत द्वीप राष्ट्र में चुनाव शायद ही कभी सुर्खियाँ बनते हैं।हालाँकि, तुवालु अपनी 16 सीटों वाली संसद के सदस्यों को चुनने के लिए चुनाव की ओर बढ़ रहा है।अंतरराष्ट्रीय ध्यान का एक बड़ा हिस्सा क्षेत्र में चीन के बढ़ते महत्व और ताइवान सरकार के साथ तुवालु के राजनयिक संबंधों से जुड़ा है। तुवालु पश्चिम मध्य प्रशांत महासागर में एक द्वीप देश है।जो हवाई और ऑस्ट्रेलिया के बीच स्थित है।यहां एक अंगूठी के आकार की मूंगा चट्टान पर स्थित है, जिसके किनारे पर 9 खूबसूरत द्वीप हैं।इस जगह का आकर्षण यहां की प्राकृतिक खूबसूरती है। इसकी आबादी लगभग 11,500 है, जो इस दुनिया के सबसे छोटे देशों में से एक बनाती है। एक पूर्व ब्रिटिश उपनिवेश, इस 1978 में स्वतंत्रता मिली।ब्रिटिश सम्राट अभी भी देश का प्रमुख है।तुवालु में सभी उम्मीदवारों ने निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ा।देश तुवालु के ताइवान समर्थक नेता, कौसिया नतानो, ताइवान, चीन और अमेरिका की करीबी नजर वाले चुनाव में अपनी सीट हार गए।नतानो ने 1979 से राजनयिक सहयोगी रहे ताइवान के लिए समर्थन जारी रखने का वादा किया था।फनाफुटी के मतदाताओं के नतीजों से पता चला कि नतानो अपनी सीट बरकरार रखने में कामयाब नही हो पाए।तुवालु सहित केवल 12 देशों के स्वशासित लोकतांत्रिक द्वीप ताइवान के साथ आधिकारिक राजनयिक संबंध हैं, जिस पर चीन अपना क्षेत्र होने का दावा करता है।प्रशांत महासागर में स्थित नाउरू ने भी हाल ही में अपना समर्थन ताइवान से बदलकर चीन को दे दिया है।यह तुवालु को ताइपे और बीजिंग के बीच तीव्र जॉकींग के केंद्र में रखता है। प्रधान मंत्री नतानो ताइवान के साथ मजबूत संबंधों के पक्षधर हैं और उनके उस समर्थन को जारी रखने की संभावना है।सोपोगा ताइवान के साथ घनिष्ठ संबंधों का भी पक्षधर है।सोपोगा ने कहा है कि वह नवंबर में तुवालु और ऑस्ट्रेलिया के बीच हस्ताक्षरित नई संधि का समर्थन नहीं करते हैं।वह संधि, जो ऑस्ट्रेलिया को प्रमुख प्राकृतिक आपदाओं, स्वास्थ्य महामारी और सैन्य आक्रामकता के जवाब में तुवालु की सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध करती है।

## जापान में महसूस किए भूकंप के हल्के झटके

टोक्यो, ।जापान में रविवार सुबह भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए।यहां टोक्यो, कानागावा प्रान्त और आसपास के इलाकों में भूकंप के झटके महसूस होने के बाद लोग घबरा कर बाहर आ गए।जापान मौसम एजेंसी ने यह जानकारी बताया कि भूकंप के झटके स्थानीय समयानुसार सुबह 8-59 बजे महसूस किए गए।मौसम एजेंसी के अनुसार रिक्टर स्केल पर 4.8 तीव्रता वाले भूकंप का केंद्र टोक्यो खाड़ी में 80 किलोमीटर की गहराई में था। भूकंप के झटकों के बाद हालांकि सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है। टोक्यो मेट्रोपॉलिटन पुलिस विभाग के अनुसार, अब तक नुकसान की कोई भी जानकारी नहीं मिली है।

## इजरायल ने की अस्पताल की घेराबंदी, मारे गए 150 फिलिस्तीनी

गाजा। गाजा में इजरायल की ओर से की गयी अस्पताल की घेराबंदी में 150 फिलिस्तीनियों के मारे जाने की खबर है। जानकारी के अनुसार गाजा के दूसरे सबसे बड़े शहर खान यूनिस में नासिर अस्पताल की घेराबंदी की गई थी। इस दौरान 150 से अधिक फिलिस्तीनी मारे जाने की सूचना मिली है। गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल-केदरा ने शनिवार को कहा ?कि मृतकों को अस्पताल के प्रांगण में दफनाने के लिए मजबूर किया गया। उन्होंने कहा कि नासिर अस्पताल के मुर्दाघर में अभी भी 30 अज्ञात शव हैं।उन्होंने कहा कि नासिर अस्पताल रक्त इकाइयों की गंभीर और खतरनाक कमी का सामना कर रहा है और कई एनेस्थीसिया दवाएं खत्म हो गई हैं।अल-केदरा ने कहा कि ईंधन की कमी के कारण अस्पताल में जनरेटर चार दिनों के भीतर बंद कर दिए जाएंगे। साथ ही छर्रे और इजरायली ड्रोन हमले के कारण पानी की टंकियां क्षतिग्रस्त हो गई हैं, जिसके कारण कई इमारतों में पानी का रिसाव हुआ है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इज़रायल जानबूझकर अपनी घेराबंदी के दौरान खान यूनिस में नासिर अस्पताल और होप अस्पताल को भारी क्षति पहुंचाता है, उन्हें निशाना बनाता है और एम्बुलेंस की आवाजाही को भी रोकता है।

## 10000 यात्रियों वाला सबसे बड़ा क्रूज सफर के लिए रवाना

मियामी ।दुनिया का सबसे बड़ा शिप शनिवार को मियामी पोर्ट से अपने पहले सफर के लिए रवाना हो गया है।इस शिप में एक बार में 10000 लोग यात्रा कर सकते हैं।इस शिप में 40 रेस्टोरेंट, आइस स्केटिंग रिंग, थिएटर और 6 स्विमिंग पूल है। यह शिप टाइटेनिक जहाज से 5 गुना ज्यादा बड़ा है। सबसे बड़े इस शिप की लंबाई 1200 फीट है।इस शिप को बनाने में कंपनी के 16000 करोड रुपए खर्च हुए हैं।इसके पहले इतना बड़ा यात्री शिप कभी भी समुद्र में नहीं उतरा।

## पाकिस्तान में चरमपंथियों के दबाव में आई पुलिस ने खोदी कब्रें, अब मचा घमासान

लाहौर। पाकिस्तान पुलिस ने अपने ही लोगों की कब्र खोदकर मुश्किल में फंस गई है। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में 80 मुसलमानों की कब्र खोदे जाने से बवाल मच गया है। कहा जा रहा है कि पंजाब प्रांत में धार्मिक चरमपंथियों के दबाव में पुलिस ने कथित तौर पर ल्पसंख्यक अहमदी समुदाय की 80 कब्रों के पत्थरों को नष्ट कर दिया।जमात-ए-अहमदिया पाकिस्तान ने शुक्रवार को यह दावा किया। इससे पूरे समुदाय में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त हो गया है। यह घटना प्रांतीय राजधानी लाहौर से करीब 100 किलोमीटर दूर दस्का में हुई। बताया जा रहा है कि चरमपंथियों के दबाव में आकर पाकिस्तान पुलिस ने प्रांत में 80 अहमदी मुसलमानों की कब्रों के पत्थर तोड़ दिए। इससे इस समुदाय के लोगों में भारी आक्रोश फैल गया है। जमात-ए-अहमदिया पाकिस्तान के अनुसार, धार्मिक चरमपंथियों के दबाव में पुलिस ने दस्का में अहमदी समुदाय के दो अलग-अलग कब्रिस्तानों की कम से कम 80 कब्र को अपवित्र कर दिया। शुक्रवार को एक बयान में कहा गया, ''पुलिस ने अहमदी कब्रों के पथरों को इस तथ्य के बावजूद नष्ट कर दिया कि कब्रिस्तान की जमीन अहमदी समुदाय को पंजाब सरकार द्वारा आवंटित की गई थी।'' बयान में दावा किया गया कि सहायक आयुक्त दस्का, अनवर अली कंजू ने अहमदी कब्रों के पत्थरों को ध्वस्त करने का अवैध आदेश जारी किया था। जमात-ए-अहमदिया पाकिस्तान के बयान में कहा गया अनवर अली कंजू लंबे समय से अहमदी समुदाय के उत्पीड़न में शामिल रहे हैं। राज्य को यह समझने की जरूरत है कि कंजू जैसे अधिकारी वैश्विक स्तर पर पाकिस्तान की प्रतिष्ठा को कैसे खराब करते हैं। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में पुलिसकर्मियों को हाथों में हथौड़े लेकर कब्रों की शिलाओं को तोड़ते हुए दिखाया गया है। जमात-ए-अहमदिया पाकिस्तान ने कहा, 'यह एक निंदनीय और भयावह घटना है जिसे कभी भी उचित नहीं ठहराया जा सकता।अब समय आ गया है कि राज्य यह स्पष्ट करे कि अहमदी कब्रिस्तानों को अपवित्र करने पर उसकी नीति क्या है। सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि किस कानून के तहत पुलिस और स्थानीय प्रशासन अहमदी समुदाय की कब्रों को अपवित्र कर रहे हैं।

## सरावन में 9 पाकिस्तानियों की हत्या की जांच करवाएं : पाकिस्तान

इस्लामाबाद ।पाकिस्तान विदेश कार्यालय (एफओ) ने कहा कि वह पड़ोसी देश में आतंकवादियों द्वारा पाकिस्तानी नागरिकों की हत्या को लेकर ईरानी अधिकारियों के संपर्क में है।यह जानकारी एक मीडिया रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट के अनुसार ईरान की एक समाचार एजेंसी ने पहले बताया था कि प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि हाल ही में अज्ञात हथियारबंद लोगों ने सिस्तान-बलूचिस्तान प्रांत में सरवन शहर के सिरकन पड़ोस में एक घर में नौ गैर-ईरानी लोगों की हत्या कर दी थी। एजेंसी ने कहा कि अभी तक किसी संगठन या व्यक्ति ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है।रिपोर्ट के अनुसार बलूच मानवाधिकार संगठन हलवाश ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि मारे गए लोग पाकिस्तानी मजदूर थे, जो एक ऑटो मरम्मत की दुकान पर काम करते थे। अन्य तीन घायल हो गए।इस मामले पर मीडिया के सवालों के जवाब में एफओ प्रवक्ता मुमताज ज़हरा बलूच द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है ?कि यह एक भयावह और घृणित घटना है, हम इसकी स्पष्ट रूप से निंदा करते हैं। हम ईरानी अधिकारियों के संपर्क में हैं और हमने घटना की तुरंत जांच करने और इस जघन्य अपराध में शामिल लोगों पर कार्रवाई करने की जरूरत पर जोर दिया है।उन्होंने कहा कि ज़ाहेदान में पाकिस्तान के वाणिज्य दूत उस अस्पताल के रास्ते में हैं, जहां घायलों का उपचार किया जा रहा है।वह लंबी दूरी और सुरक्षा अनिवार्यताओं के बावजूद कुछ घंटों में पहुंच जाएंगे।



मास्को में रुसी राष्ट्रपति व्लादमिर पुतिन और बेलारुस के एलेजेंडर लुकासेंको दूसरे विश्वयुद्ध में मारे गये लोगों की याद में एक समारोह में इनके स्मारक पर पहुंचे।

## भारत-अमेरिका के रिश्ते पहले से बेहतर हुए : संधू

वाशिंगटन। भारत और अमेरिका के संबंधों में क्रांतिकारी बदलाव हो रहे हैं।यह बात अमेरिका में भारत के निवर्तमान राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने कही है।उन्होंने कहा कि भारत एवं अमेरिका के बीच द्विपक्षीय संबंधों की अभी यह सिर्फ शुरुआत है।इस दीर्घकालिक रिश्ते का दायरा अभी और बढ़ेगा। राजदूत संधू यहां गणतंत्र दिवस समारोह में भारतीय अमेरिकियों की एक सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इसी बीच कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि यहां रह रहे भारतीयों की दूसरी पीढ़ी भारत से जुड़ी रहे।



उन्होंने कहा, कि यहां पर मैं यह बतलाना चाहता हूं कि आज भारत में अमेरिका-भारत संबंधों में भी क्रांतिकारी बदलाव हो रहे हैं।ऐसे में महत्वपूर्ण हो जाता है कि आपके बच्चे और आपके परिवार भारत के बारे में जागरूक हों, भारत से जुड़े रहें। गौरतलब है कि संधू अपनी 35 से अधिक वर्षों की सेवा के बाद इस माह अंत में विदेश सेवा से सेवानिवृत्त होने जा रहे हैं। राजदूत संधू का कहना था कि अंतरराष्ट्रीय पूंजी और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के भारत में आने से नौकरी के ज्यादा अवसर प्राप्त होंगे। इसलिए न सिर्फ भावनात्मक, सांस्कृतिक और कई अन्य कारणों से, बल्कि आर्थिक और व्यावसायिक कारणों से भी भारत से जुड़े रहने की आवश्यकता है। गौरतलब है कि नेशनल काउंसिल ऑफ एशियन इंडियन एसोसिएशन द्वारा वर्जीनिया के मैकलीन में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था।कार्यक्रम के दौरान संधू को सम्मानित भी किया गया।

# खुद को तालिबानी बताकर मजाक में दी थी विमान उड़ाने की धमकी

**-एक ब्रिटिश भारतीय को इस मामले में स्पेन की अदालत ने कर दिया बरी**



**मैड्रिड, (एजेंसी)।** एक ब्रिटिश भारतीय को तालिबानी बताकर मजाक में विमान उड़ाने की धमकी देने के मामले में अदातल ने बरी कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार स्पेन की अदालत ने बरी करते हुए कहा है कि उसका ऐसा इरादा नहीं था। आरोपी ने मजाक में अपने दोस्तों के पास विमान को उड़ाने की धमकी भेज दी थी। घटना 2022 की बताइ गई है। अब अदालत इस नतीजे पर पहुंची है कि उसके पास कोई विस्फोटक नहीं पाया गया। इससे जाहिर होता है कि उसका ऐसा इरादा नहीं था। उस समय एक ब्रिटिश भारतीय ने मजाक में खुद को तालिबानी बताकर प्लेन को उड़ा देने की धमकी दी थी। इसके बाद उसे गिरफ्तार करक लिया गया था। आज से 2 वर्ष पुराने मामले में आरोपी पर कोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है। स्पेन की एक अदालत ने 2022 में दोस्तों के साथ मजाक में खुद को तालिबान का सदस्य बताने और लंदन के गैटविक से स्पेन के मिनोर्का तक की एक उड़ान को बम से उड़ाने की योजना बनाने की बात कहकर अफरातफरी पैदा करने के आरोपी ब्रिटिश-भारतीय व्यक्ति को बरी कर दिया है। इससे आरोपी ने राहत की सांस ली है।

आरोपी आदित्य वर्मा ने माना कि उसने दोस्तों से जुलाई, 2022 में कहा था कि, मैं विमान को विस्फोट कर उड़ाने वाला हूं। मैं तालिबान का सदस्य हूं।' एक रिपोर्ट के अनुसार वर्मा ने कहा कि उसने यह मजाक एक निजी स्नैपचैट ग्रुप में किया था और उसका इरादा कभी भी 'संकट पैदा करने' का नहीं था। मैड्रिड में एक न्यायाधीश ने शुक्रवार को फैसला सुनाया कि ऐसा कोई विस्फोटक नहीं पाया गया, जिससे किसी को यह लगे कि यह वास्तविक खतरा था। घटना के डेढ़ साल बाद सोमवार को स्पेन की राजधानी में राष्ट्रीय न्यायालय में मुकदमे की सुनवाई के दौरान न्यायाधीश ने फैसला सुनाया कि केंट के निवासी वर्मा को आरोप से बरी कर दिया जाना चाहिए।

दरअसल विमान में सवार होने से पहले उसने दोस्तों को जो संदेश भेजा था, उसे ब्रिटेन के सुरक्षा विभाग ने पकड़ लिया। इसके बाद उन्होंने इस संदेश को स्पेन के अधिकारियों को भेज दिया, जब ईजीजेट विमान आकाश में था। इसके बाद, दो स्पेनिश एफ-18 लड़ाकू विमान भेजे गए। इनमें से एक लड़ाकू विमान ईजीजेट विमान के साथ-साथ मिनोर्का तक गया, जहां हवाई अड्डे पर उतरने के बाद उसके अंदर तलाशी ली गई। वर्मा उस समय 18 वर्ष के थे। उनको गिरफ्तार कर दो दिनों के लिए स्पेनिश पुलिस के प्रकोष्ठ में रखा गया। बाद में उन्हें जमानत पर रिहा किया गया था।

## चुनाव से पहले रिपब्लिकन पार्टी ने टाला ट्रंप पर प्रस्ताव, नहीं तो बढ़ जाती बाइडेन की मुश्किल

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** रिपब्लिकन पार्टी नवंबर 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले ट्रंप के हित में एक बड़ा फैसला लेने का विचार कर रही थी, जिससे जो बाइडेन की मुश्किलें बढ़ सकती थी। मगर पार्टी फिलहाल अपनी योजना को रद्द कर दिया है। बता दें कि रिपब्लिकन ने ट्रम्प को चुनाव से पहले अनुमानित राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार नामित करने की योजना बनाई थी। मगर अब इसे रद्द कर दिया गया है।रिपब्लिकन पार्टी की ओर से 2024 के लिए उम्मीदवारी पेश कर रहे पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप अपनी निकटतम प्रतिद्वंदी निक्की हेली से 2 राज्यों में आंतिरक चुनाव में जीत हासिल कर चुके हैं। वहीं एक अन्य रिपब्लिकन उम्मीदवार विवेक रामास्वामी अपना नाम इस दौर से वापस ले चुके हैं। इसके बाद ट्रंप को ही बाइडेन के मुकाबले सबसे मजबूत उम्मीदवार माना जा रहा है। इसलिए पार्टी ने आंतरिक चुनाव संपन्न होने से पहले ट्रंप को वर्ष 2024 के लिए रिपब्लिकन पार्टी की ओर से ट्रंप को उम्मीदवार घोषित करने का फैसला किया था। मगर ऐन वक्त में यह फैसला बदलना पड़ गया।

अगर ये फैसला नहीं बदलता तो इससे जो बाइडेन के लिए मुश्किलें हो सकती थीं। क्योंकि यह अभी से तय हो जाता कि बाइडेन के मुकाबले ट्रंप ही 2024 का चुनाव लड़ेंगे। हालांकि रिप्बलिकन पार्टी के इस फैसले से ट्रंप की उम्मीदवारी कमजोर नहीं पड़ी है। तमाम सर्वे में ट्रंप की उम्मीदवारी और उनकी जीत सबसे प्रबल बताई जा रही है। रिपोर्ट के अनुसार रिपब्लिकन नेशनल कमेटी ने औपचारिक रूप से अपेक्षित प्रतिनिधियों की संख्या हासिल करने से पहले डोनाल्ड ट्रम्प को पार्टी का 2024 में अनुमानित उम्मीदवार घोषित करने पर विचार करने के लिए एक प्रस्ताव तैयार किया था। जिसे ट्रम्प द्वारा अपनी ट्रुथ सोशल साइट पर पोस्ट किया गया। इसके तुरंत बाद प्रस्ताव वापसी की खबर आई। हालांकि ट्रंप ने इस धारणा की बहुत सराहना की। उन्होंने महसूस किया कि पार्टी यूनिटी की खातिर, उन्हें इस योजना के साथ आगे नहीं बढ़ना चाहिए। एसोसिएटेड प्रेस के अनुसार रिपब्लिकन पार्टी की ओर से एक मसौदे में कहा गया था कि पूर्व राष्ट्रपति ट्रम्प को संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए हमारे संभावित 2024 उम्मीदवार के रूप में घोषित करता है और इस क्षण से सभी के समर्थकों का स्वागत करते हुए पूर्ण आम चुनाव मोड में आगे बढ़ता है।

## कर्ज के जाल में और फंसेगा पाकिस्तान! अब इस देश से मांगे 2 अरब डॉलर

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान आर्थिक तौर पर कंगाली के हाल में है। अगर आईएमएफ, वर्ल्ड बैंक और चीन, यूएई जैसे देश अपने कर्ज को मांग लें या फिर मदद करना बंद कर दें तो पाकिस्तान बिना एक पल गंवाए दिवालिया हो सकता है। 2023 के एक डेटा के मुताबिक पाकिस्तान पर करीब 125 बिलियन अमेरिकी डॉलर का कर्ज है। इस पूरी रकम का करीब एक-तिहाई हिस्सा पाकिस्तान ने चीन से ले रखा है। अब अगर चीन और किसी कर्ज को मंजूरी देता है तो जाहिर सी बात है इससे पाकिस्तान पर कर्ज का दबाव और बढ़ेगा।

एक बार फिर आर्थिक तंगी से जूझ रहे पाकिस्तान ने चीन का दरवाजा खटखटाया है। पाकिस्तान की फिलहाल सबसे बड़ी तकलीफ नकदी की कमी से जूझना है। इसी के मद्देनजर पाकिस्तानी हुकूमत ने शी जिनपिंग की सरकार से 2 अरब डॉलर के कर्ज की मांग की है। चीन पाकिस्तान का करीबी सहयोगी है और दोनों एक दूसरे की दोस्ती की कसमें खाते रहते हैं। पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री के तौर पर फिलहाल अनवार उल हक काकड़ काम कर रहे हैं। इससे पहले संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब भी पाकिस्तान की मदद कर्ज के ही जरिये कर चुके हैं। सऊदी अरब ने तो 5 अरब डॉलर की रकम को पाकिस्तान के स्टेट बैंक में कर्ज के तौर पर जमा कराया ताकि वह दिवालिया न हो जाए। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष यानी आईएमएफ की सहायता की भी पाकिस्तान को जरूरत पड़ेगी। ऐसे में, पाकिस्तान की अंतरिम सरकार नेआईएमएफ से अनुरोध किया है कि वह अपने मिशन को बातचीत के लिए भेजे। इस्लामाबाद को आईएमएफ से 1.2 बिलियन अमरीकी डालर के कर्ज की उम्मीद है।

काकड़ ने ही एक पत्र लिखकर चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग से कहा है कि वह जल्द से जल्द यह कर्ज जारी करे। पाकिस्तान की सरकार ने चीन का शुक्रिया अदा किया है क्योंकि चीनी सरकार समय-समय पर अरबों डॉलर की मदद के जरिये पाकिस्तान को आर्थिक बदहाली से उबारती रही है। चीन की ओर से जारी किये गए 4 बिलियन डॉलर के कर्ज का इस्तेमाल पाकिस्तान कर्ज की किस्त चुकाने और अपने विदेशी मुद्र भंडार को स्थिर करने के लिए कर रहा है।

# नवाज शरीफ ने घोषणा पत्र में कहा- 370 हटा लें तो शांति कायम हो जाएगी

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएल-एन ने अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। जिसमें भारत का भी जिक्र है। घोषणा पत्र में भारत के साथ शांति स्थापना पर जोर दिया है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के घोषणापत्र में भारत सहित अन्य देशों के साथ शांति स्थापना पर जोर दिया गया है। देशों को शांति का संदेश भेजने का वादा किया गया है। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक घोषणापत्र में कहा गया है कि पाकिस्तान की तरफ से भारत को शांति का संदेश इस शर्त पर भेजा जाएगा कि वो जम्मू-कश्मीर राज्य में धारा 370 को निरस्त करने के फैसले को वापस ले। इसके साथ ही अगस्त 2019 का अपना फैसला वापस ले। यानी नवाज शरीफ भारत के साथ बेहतर संबंध तो बनाना चाहते हैं लेकिन अपनी शर्तों पर।



हालांकि पीएमएल-एन की शर्त कभी पूरी नहीं होगी। एक दो बार नहीं बल्कि कई बार भारत ये बात साफ कर चुका है कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। भारत कह चुका है कि अनुच्छेद 370 के प्रावधानों को 2019 में भारत की संसद द्वारा निरस्त किया जाना भारत और उसके संविधान का आंतरिक मामला है।इसके अलावा पीएमएल-एन के घोषणा पत्र में पाकिस्तान की गिरती अर्थव्यवस्था को सुधारने, जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से लड़ने, लोगों को सस्ती बिजली मुहैया कराने, बिजली बिलों में 20 से 30 प्रतिशत की कटौती के साथ ही आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति का वादा भी किया गया है। घोषणा पत्र में देश की तरक्की करने पर जोर दिया गया है। पीएमएल-एन ने अपने घोषणा पत्र को अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर भी शेयर किया है, जिसका टाइटल है पाकिस्तान को नवाज दो'। बता दें कि 2017 में पीएमएल-एन के प्रमुख नवाज शरीफ को प्रधानमंत्री पद से हटा दिया गया था। नवाज शरीफ तीन बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री रह चुके हैं। एक बार फिर से वो सत्ता में वापसी की तैयारी कर रहे हैं। जिसके लिए पार्टी जोर शोर से तैयारियां कर रही हैं, वहीं उनकी बेटी मरियम नवाज भी पार्टी के प्रचार प्रसार में लगी हैं।

## पाकिस्तान ने माना- हां बलूचिस्तान मांग रहा है आजादी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री ने स्वीकार किया कि बलूचिस्तान में असंतोष की जड़ एक अलग बलूच पहचान है।हालांकि, ये इस बात को पिछले पाकिस्तानी प्रशासनों ने कभी स्वीकार नहीं किया था। पाकिस्तान के इतिहास में पहली बार किसी भी राजनीतिक नेता ने पहली बार माना है कि बलूचिस्तान के लोग आजादी मांग रहे हैं। पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर ने स्वीकार किया कि बलूचिस्तान के लोग न केवल पाकिस्तान से असंतुष्ट हैं, बल्कि एक स्वतंत्र राज्य की मांग कर रहे हैं। बलूचिस्तान से आ रहीं खबरों के अनुसार, काकर ने एक साक्षात्कार में बलूचिस्तान में जबरन गायब हो रहे लोगों के जटिल मुद्दे पर भी अपनी बात रखी। पाक पीएम ने इन मामलों को सुलझाने में आने वाली चुनौतियों को पहचाना और लापता व्यक्तियों की वापसी पर ध्यान केंद्रित करने के महत्व पर भी जोर दिया।

# ईरान के अंतरिक्ष प्लान से पश्चिमी देश घबराए, तीन उपग्रहों की लांचिंग पर हुई आलोचना

**यरुशलम(एजेंसी)।** ईरान के उपग्रह लांचिंग की पश्चिमी देशों ने आलोचना की है। बताया जा रहा है कि ईरान के इस कदम से बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रमों में और इजाफा होगा। ईरान ने रविवार को कहा कि उसने अंतरिक्ष में तीन उपग्रहों को सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया है। वहीं, पश्चिमी देशों ने ईरान के इस हालिया कार्यक्रम की आलोचना की है। मीडिया मे आई प्रक्षेपण की इन खबरों में ईरान के सिमोर्ग रॉकेट का सफल उपयोग भी देखा गया, जो इससे पहले कई बार विफल रहा था। बता दें कि ईरान का यह प्रक्षेपण ऐसे वक्त हुआ है जब पश्चिम एशिया में गाजा पट्टी में हमास पर इजराइल का युद्ध लगातार जारी रहने के कारण तनाव बढ़ गया है। हालांकि ईरान ने इस संघर्ष में सैन्य हस्तक्षेप नहीं किया है लेकिन इस महीने की शुरुआत में इस्लामिक स्टेट के आत्मघाती बम विस्फोट और यमन के हूती विद्रोहियों जैसे छद्म संगठनों द्वारा युद्ध से जुड़े हमलों के बाद कार्रवाई को लेकर उसे अपने धर्मगुरुओं के दबाव का सामना करना पड़ा है।

ईरानी मीडिया में जारी किए गए फुटेज में रात के दौरान सिमोर्ग रॉकेट का प्रक्षेपण दिख रहा है। फुटेज के विवरण का विश्लेषण से पता चलता है कि प्रक्षेपण ईरान के ग्रामीण सेमनान प्रांत में इमाम 'खुमैनी स्पेसपोर्ट' पर किया गया था। मीडिया ने प्रक्षेपित उपग्रहों का नाम महदा, केहान-2 और हत्फ-1 बताया। बता दें कि महदा एक अनुसंधान उपग्रह है, जबकि केहान और हत्फ क्रमशः वैश्विक स्थिति और संचार पर केंद्रित नैनो उपग्रह हैं। हालांकि अमेरिका ने पहले कहा था कि ईरान के उपग्रह प्रक्षेपण संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव की अवहेलना करते हैं और उससे परमाणु हथियार पहुंचाने में सक्षम बैलिस्टिक मिसाइलों से जुड़ी कोई गतिविधि नहीं करने को कहा गया है।

बता दें कि ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम से संबंधित संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंध पिछले अक्टूबर में समाप्त हो गए थे। अमेरिकी खुफिया समुदाय के 2023 के विश्वव्यापी खतरे के आकलन में कहा गया है कि उपग्रह प्रक्षेपण यानों के विकास से ईरान कम समय में अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल विकसित करने में सक्षम हो जाएगा, क्योंकि इसमें समान तकनीक का उपयोग किया जाता है। वहीं अमेरिकी सेना और विदेश मंत्रालय ने इसका तुरंत जवाब नहीं दिया। हालांकि अमेरिकी सेना ने 20 जनवरी को किए गए सफल ईरानी उपग्रह प्रक्षेपण को दबे स्वर में स्वीकार जरूर किया है।



# तिगांव क्षेत्र में होने वाली 'जन-आक्रोश रैली' को लेकर लोगों में उत्साह : ललित नागर

## रैली की सफलता को लेकर पूर्व विधायक ने किया जगह-जगह जनसंपर्क

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** आगामी चार फरवरी को तिगांव क्षेत्र के सेक्टर-31 स्थित दशहरा ग्राउंड ऐतमादपुर में आयोजित होने वाली कांग्रेस की 'जन-आक्रोश रैली' को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। पूर्व विधायक एवं रैली के संयोजक जहां-जहां लोगों को रैली में आने का न्यौता दे रहे है वहीं लोग पूरे उत्साह से उन्हें इस रैली में आने का भरोसा दिला रहे है। इसी कड़ी में पूर्व विधायक ललित नागर ने तिगांव भंवर नागर, तिगांव एससी चौपाल, अधाना पट्टी बारात घर, तिगांव-भुआपुर रोड, भुआपुर चौपाल, इमादपुर भड़ाना चौक, सराय ख्वाजा पार्क, पल्ला गांव चौपाल, तिलपत गांव-शिव मंदिर व अगवानपुर अंबेडकर मूर्ति चौक आदि जगहों पर जनसंपर्क करके लोगों को रैली में आने का आमंत्रण दिया। नुक्कड़ सभाओं को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ललित नागर ने कहा कि भाजपा सरकार के नौ सालों में तिगांव विधानसभा क्षेत्र विकास के मामले में कोसों पीछे छूट गया है, जिन गांवों में कभी विकास की बयार बहती थी, आज



वहां झाड़ू तक नहीं लग रही। भाजपा सरकार की अनदेखी के चलते यहां के लोग मूलभूत सुविधाओं के लिए त्राहि-त्राहि करने को मजबूर हो रहे है। उन्होंनें कहा कि एक दौर वह भी था, जब पूर्व मुख्यमंत्री श्री हुड्डा के शासनकाल में तिगांव क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित हुए, लेकिन आज यह क्षेत्र विकास से पूरी तरह से महरूम है। श्री नागर ने कहा कि यहां व्याप्त समस्याओं को दूर करने के लिए न तो क्षेत्र की जनप्रतिनिधि और न ही प्रशासन ने कोई कदम उठाए, शिकायतें करते करते लोग थक गए, लेकिन समस्याएं दूर नहीं हुई, यही कारण है कि आज लोगों का भाजपा सरकार से पूरी तरह से मोहभंग हो चुका है। उन्होंने कहा कि जनाक्रोश रैली के माध्यम से पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुडडा, प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष चौ. उदयभान तथा राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा तिगांव की आवाज को बुलंद करेंगे और इस गूंगी बहरी सरकार को नींद से जगाने का काम करेंगे। इस दौरान लोगों ने पूर्व विधायक ललित नागर का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया और उन्हें विश्वस दिलाया कि क्षेत्र के कोने-कोने से भारी संख्या में लोग इस रैली में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। इस अवसर पर मास्टर दलवीर शर्मा, श्री रमेश नागर, श्री धीरज नागर, कमल नागर, मेंबर नानक चंद मेंबर, बीरू नागर, भंवर सिंह नागर, महेंद्र सिंह अधाना, योगेंद्र सिंह अधाना, मास्टर चंद्रपाल जी, रिंकू जोड़ला सरपंच, वेद प्रकाश सरपंच, जय नारायण बहरे जी, जयराज अधाना सचिन नागर मेंबर ,समर वीर नागर, सतबीर मास्टर जी, धर्मपाल नागर, कंवर सिंह नागर, रिछपाल नागर, प्रवीण मेंबर, अनिल बैंसला, राजेंद्र सिंह भाटी, दिनेश कुमार शर्मा, लाल शर्मा, नरवीर सिंह नंबरदार, ललित प्रधान जी ,पिंटू सरपंच, अभिलाष नागर, कमल चंदीला, गंगाराम जाट, दीपक पाराशर, अशोक रावल, बाबूलाल डॉक्टर ,सुंदरलाल नेताजी, शंकर नंबरदार सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

# आजादी रूपी धरोहर की रक्षा करने का लें संकल्प : राजेश भाटिया

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** ग्लोबल इंटीग्रेटेड फाऊंडेशन फॉर थैलासीमिया एवं सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर श्री सनातन धर्म महाबीर दल मार्केट नंबर 1, फरीदाबाद के संयुक्त तत्वाधान में मंदिर के ही प्रांगण में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में देश भक्ति का रंगारंग कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष राजन मुथरेजा, विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा व विशिष्ट अतिथि अजय नाथ-समाजसेवी द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर मंदिर के प्रधान राजेश भाटिया, निवर्तमान पार्षद मनोज नसावा, गिफ्ट अध्यक्ष मदन चावला व अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा ध्वजारोहण किया और सभी आजादी के इस बड़े दिन की शुभकामनाएं दी। राजेश भाटिया ने कहा कि आजादी हमारी धरोहर है और इसे हमारे पूर्वजों एवं स्वतंत्रता सेनानियों ने कुर्बानी देकर हासिल किया है, इसलिए इसकी रक्षा करना हम सभी का दायित्व बनता है। उन्होंने कहा कि आज हम जिस खुली हवा में सांस ले रहे है वह हमारे शहीदों की बदौलत है इसलिए हम सभी को उनका स्मरण करके उन्हें श्रद्धांजलि देनी चाहिए और आजादी रूपी धरोहर की रक्षा का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी, 1950 को हमारा देश का संविधान बना था इसलिए आज का दिन हर भारतवासी के लिए खास है। इस दौरान विभिन्न प्रकार के रंगारंग एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए, जिन्हें उपस्थितजनों ने खूब सराहा और जमकर प्रशंसा की। मंदिर के प्रधान राजेश भाटिया ने मदन चावला एवं गिफ्ट संस्था के सदस्यों द्वारा किए जा रहे कार्यों की खूब सराहना की उन्होंने कहा हमारी संस्थाएं मदन चावला एवं संस्था के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उपस्थिति रहेगी। इस अवसर पर राधे श्याम भाटिया, अंजू सुनील भड़ाना, डॉ0 पायल मल्होत्रा, मनीषा चावला, जेडी अरोड़ा, सुरेंद्र गेरा, राकेश कुमार (रक्कु), परमजीत सिंह, सतीश कुमार, सरदार रविंद्र सिंह राणा, कमलजीत सिंह, सनी भाटिया, अजय भाटिया, अजय शर्मा, बेफिक्रा बचपन से रचना व मनोज रात्रा चिमन चिटकारा, संजीव ग्रोवर, सुंदरलाल चुग, राकेश भाटिया, शेर सिंह, सीमा सितोरिया, अजय कपूर, श्रवण डंग, प्रेम बब्बर, राकेश खन्ना,



रिंकल भाटिया, सचिन भाटिया, गगन अरोड़ा, आशीष अरोड़ा, भारत कपूर, रविंद्र गुलाटी, गौरव गुलाटी, तिलक मेहंदीरत्ता, प्रीतम लाल भाटिया, अरविंद शर्मा, संजय अरोड़ा सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे। इसके अलावा राजेश भाटिया ने गांव टिकरी खेडा, व्यापार मंडल फरीदाबाद, वर्दीधारी स्वयंसेवी संगठन, ऑल इंडिया बन्नू बिरादरी, डा. अनिल मलिक श्री सनातन धर्म महाबीर दल सीनियर सैकेंडरी स्कूल सहित कई अन्य स्थानों पर ध्वजारोहण कर लोगों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी।

# दौड़ते या खेलते समय सांस फूलने या चेस्ट पेन को न करें नजरअंदाज : डॉ. राकेश कुमार

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** दौड़ते या खेलते समय सांस फूलने और चेस्ट पेन हो बिल्कुल नजरअंदाज न करें। ऐसा करने से आपकी जान खतरे में पड़ सकती है। हाल में ही मुंबई हुए मैराथन में दो लोगों की हार्ट अटैक से मौत हो गई। मुंबई मैराथन का हिस्सा बने ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर-86 स्थित एकॉर्ड अस्पताल के आर्थोपेडिक एंड स्पोर्ट्स इंजरी डिपार्टमेंट के डायरेक्टर डॉ. राकेश कुमार ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है।वरिष्ठ आर्थोपेडिक सर्जन एवं विशेषज्ञ डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि मुंबई मैराथन में करीब 60 हजार लोगों ने हिस्सा लिया। जिसमें 40 वर्षीय और 74 वर्षीय दो धावकों की मौत हो गई। मैं खुद भी दौड़ता हूं और स्पोर्ट्स इंजरी स्पेशलिस्ट हूं तो मुझे पता है दौड़ते या खेलते समय क्या इंजरी का चांस होते हैं। यदि कोई दौड़ते खेलते समय कोई समस्या होती है तो एक बार अपने डॉक्टर को जरूर दिखाएं। दौड़ते भागते समय यदि सांस फूल रही है या घुटने या कंधे में दर्द हो रहा है तो जरूर डॉक्टर को दिखाना चाहिए क्योंकि जब इंजरी काफी बढ़ जाएगी तो उसे ठीक करना आसान नहीं होता है। कार्डियक वर्कअप बहुत महत्वपूर्ण है,



जो भी रनअप है उन्हें दो साल में एक बार जरुर हेल्थ चेकअप कराना चाहिए। सर्दियों में खासकर जैसे दिल्ली में तापमान 5-6 है और मुंबई में तापमान 27 है। इस बदलते तापमान में खुद को ढालने के लिए दौड़ में शामिल से दो-तीन दिन पहले जाना चाहिए। जिससे वह पूरी तरह उस तापमान में ढल सकें। अचानक से बदलने वाला तापमान बहुत महत्वपूर्ण होता है क्योंकि जब तक बॉडी अर्जेस्ट नहीं होगी तो कॉम्प्लिकेशन के चांस अधिक हैं। यही वजह है कि मुंबई मैराथन में 40 और 74 वर्षीय धावक की मौत हो गई।

# ग्लोबल कंफेडरेशन ऑफ एन. जी ओ एवं एन. जी ओ प्रकोष्ठ भाजपा के तत्वाधान में प्रथम एन. जी ओ क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद के पाली गांव के खेल मैदान रविंद्र फागना क्रिकेट ग्राउंड में ग्लोबल कंफेडरेशन ऑफ एन. जी ओ एवं एन. जी ओ प्रकोष्ठ भाजपा के तत्वाधान में प्रथम एन. जी ओ क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट में टीम जज्बा फाउंडेशन, टीम मिशन जागृति, टीम कुमाओं संस्कृति मंडल, टीम सुख दुःख एवं संघर्ष सहायता समहू ने भाग लिया।

टूर्नामेंट का उद्घाटन युवा भाजपा नेता साहिल नंबरदार व वार्ड न0 10 के निर्वतमान पार्षद श्री कवींद्र चौधरी जी द्वारा किया गया। इसी के साथ कार्यक्रम में अतिथि के रूप में धर्मवीर भड़ाना, सतीश फागना, सेक्टर-15 आर डब्लू ए अध्यक्ष नीरज चावला जी और पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने भी खिलाड़ियों का सम्मान कर समस्त टीम व उनके खिलाड़ियों का सम्मान किया। टूर्नामेंट का समापन भाजपा के नवनियुक्त



जिला अध्यक्ष श्री राजकुमार वोहरा व जिला महामंत्री श्री आर. एन. सिंह जी द्वारा किया जिसमें उनके द्वारा सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

ग्लोबल कांफेडक्शन ऑफ एनजीओ के संस्थापक अध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम मैच में टीम सुख-दुख एवं संघर्ष सहायता समूह ने टॉस जीतकर फील्डिंग को चुना और इस मैच में वह मिशन जागृति से जीते। दूसरा मैच में टीम कुमाऊं संस्कृतिक मंडल ने टॉस जीता और फील्डिंग को चुना इस मैच में जज्बा फाउंडेशन ने जीत दर्ज करी और यह फाइनल में पहुंचे। फाइनल मैच में टॉस टीम जज्बा फाउंडेशन ने जीता कर फील्डिंग को चुना परंतु इस मैच में सुख दुःख एवम संघर्ष सहायता समूह ने 2 रानो के साथ जीत दर्ज की। कार्यक्रम के संयोजक हिमांशु भट्ट ने जानकारी देते हुए बताया कि ये अपने आप मे इस बार एक नई शुरुवात हुई जिसमें हमने चार स्वय सहायत समहु के सहयोग से प्रथम एन. जी. ओ. क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया ओर इस सहयोग की भावना के साथ कि हम भविष्य में भी इसी तरह के कार्यक्रमो का आयोजन करते रहगें। आज के मैच में बेहतर खेल का प्रदर्शन करने पर को मैन ऑफ द मैच विकास, मैन ऑफ द मै सीरीज नितिन नोटियाल, फिल्डर ऑफ द मैच सीरीज भी नितिन नोटियाल रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य भूमिका अदा करने वाले धर्मेंद फागना जी और सनराइज हॉस्पिटल हेल्थ पार्टनर और समस्त खिलाड़ियों द्वारा धन्यवाद किया गया।

# निगम कर्मचारियों ने केंद्रीय राज्यमंत्री के कार्यालय पर किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**फरीदाबाद की आवाज**

**फरीदाबाद।** ग्लोबल इंटीग्रेटेड फाऊंडेशन फॉर थैलासीमिया एवं सिद्धपीठ श्री हनुमान मंदिर श्री सनातन धर्म महाबीर दल मार्केट नंबर 1, फरीदाबाद के संयुक्त तत्वाधान में मंदिर के ही प्रांगण में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में देश भक्ति का रंगारंग कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा के जिला कोषाध्यक्ष राजन मुथरेजा, विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा व विशिष्ट अतिथि अजय नाथ-समाजसेवी द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर मंदिर के प्रधान राजेश भाटिया, निवर्तमान पार्षद मनोज नसावा, गिफ्ट अध्यक्ष मदन चावला व अन्य गणमान्य व्यक्तियों द्वारा ध्वजारोहण किया और सभी आजादी के इस बड़े दिन की शुभकामनाएं दी। राजेश भाटिया ने कहा कि आजादी हमारी धरोहर है और इसे हमारे पूर्वजों एवं स्वतंत्रता सेनानियों ने कुर्बानी देकर हासिल किया है, इसलिए इसकी रक्षा करना हम सभी का दायित्व बनता है।




उन्होंने कहा कि आज हम जिस खुली हवा में सांस ले रहे है वह हमारे शहीदों की बदौलत है इसलिए हम सभी को उनका स्मरण करके उन्हें श्रद्धांजलि देनी चाहिए और आजादी रूपी धरोहर की रक्षा का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी, 1950 को हमारा देश का संविधान बना था इसलिए आज का दिन हर भारतवासी के लिए खास है। इस दौरान विभिन्न प्रकार के रंगारंग एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए, जिन्हें उपस्थितजनों ने खूब सराहा और जमकर प्रशंसा की। मंदिर के प्रधान राजेश भाटिया ने मदन चावला एवं गिफ्ट संस्था के सदस्यों द्वारा किए जा रहे कार्यों की खूब सराहना की उन्होंने कहा हमारी संस्थाएं मदन चावला एवं संस्था के साथ कंधे से कंधा मिलाकर उपस्थिति रहेगी। इस अवसर पर राधे श्याम भाटिया, अंजू सुनील भड़ाना, डॉ0 पायल मल्होत्रा, मनीषा चावला, जेडी अरोड़ा, सुरेंद्र गेरा, राकेश कुमार (रक्कु), परमजीत सिंह, सतीश कुमार, सरदार रविंद्र सिंह राणा, कमलजीत सिंह, सनी भाटिया, अजय भाटिया, अजय शर्मा, बेफिक्रा बचपन से रचना व मनोज रात्रा चिमन चिटकारा, संजीव ग्रोवर, सुंदरलाल चुग, राकेश भाटिया, शेर सिंह, सीमा सितोरिया, अजय कपूर, श्रवण डंग, प्रेम बब्बर, राकेश खन्ना, रिंकल भाटिया, सचिन भाटिया, गगन अरोड़ा, आशीष अरोड़ा, भारत कपूर, रविंद्र गुलाटी, गौरव गुलाटी, तिलक मेहंदीरत्ता, प्रीतम लाल भाटिया, अरविंद शर्मा, संजय अरोड़ा सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे। इसके अलावा राजेश भाटिया ने गांव टिकरी खेडा, व्यापार मंडल फरीदाबाद, वर्दीधारी स्वयंसेवी संगठन, ऑल इंडिया बन्नू बिरादरी, डा. अनिल मलिक श्री सनातन धर्म महाबीर दल सीनियर सैकेंडरी स्कूल सहित कई अन्य स्थानों पर ध्वजारोहण कर लोगों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी।















स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक दिनेश शर्मा द्वारा स्वास्तिका क्रिएशन, 19 डीएसआईडीसी शेड, स्कीम-3, ओखला फेस-II, नई दिल्ली-110020 से मुद्रित करवाकर मुख्य कार्यालय 19 डीएसआईडीसी शेड, स्कीम-3, ओखला फेस-II, नई दिल्ली-110020 से प्रकाशित किया।
पीआरबी एक्ट के अंतर्गत रचनाओं के लिए उत्तरदायी। सभी विवादों का न्यायक्षेत्र फरीदाबाद न्यायालय होगा। फोन : 011-26386221 मो. : 9810635211 DCP Licencing No. F.2 (F-10) Press/2017 RNI No. - DELHIN/2017/76338